✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✱ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 339 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शनिवार, 9 मई 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार का स्वागत करते विभागीय सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह

## सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया पदभार ग्रहण

# बिहार की अच्छी छवि बनाने को उठाएं प्रभावी कदम : श्रवण

### भ्रामक खबर फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य के बाहर भी बिहार की सकारात्मक छवि को मजबूत बनाना है। वे शुक्रवार को विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के बाहर भी राज्य की अच्छी छवि बनाए रखने के लिए विस्तृत कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रेडियो और सोशल मीडिया टूल्स का समन्वित उपयोग किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी मिल सके, इसके लिए सूचनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया



जाए। मीडिया प्लेटफॉर्म्स का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन प्लेटफॉर्म्स पर फैलने वाली गलत या भ्रामक खबरों की भी तथ्यात्मक जांच कर आधिकारिक हैंडल से त्वरित खंडन सुनि श्चित कराया जाए जिससे लोगों में किसी तरह का भ्रम नहीं पैदा हो। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि विभाग का मुख्य फोकस सूचनाओं के सही, सटीक और समयबद्ध प्रसारण पर रहेगा ताकि जनता तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की सही जानकारी पहुंच सके। मंत्री ने कहा कि अब तक जो विभाग उन्हें नीतीश कुमार ने सौंपा है, उनका संचालन सफलतापूर्वक किया है। इसके पहले विभागीय सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह एवं निदेशक अनिल कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मंजीत सिंह, राम विलास कामत, सुमित कुमार के अलावा विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह, अपर सचिव विधु भूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमारिल सत्यनंदन मौजूद थे। मंत्री ने अधिकारियों को विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक चुस्त-दुरुदुस्त बनाने के निर्देश दिए। कहा कि विभाग में मानव संसाधन की कमी को तत्काल पूरा किया जाए जिससे बिना किसी बाधा और देरी के सभी काम पूरा हो सके। सूचना प्रसार को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नवीन तकनीकों और रचनात्मक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।

# किशनगंज में बनेगा सीआइएसएफ का ट्रेनिंग सेंटर : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के किशनगंज में सीआइएसएफ का ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। इसकी जानकारी सम्राट चौधरी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर दी। सीएम ने कहा कि किशनगंज जिले के पोठिया में औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना अनुमति प्रदान की गई है। पोठिया अंचल में 110 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे एक हजार सीआइएसएफ जवानों को प्रशिक्षण भी मिलेगा। सम्राट चौधरी ने बताया कि इस केन्द्र में 1000 सीआईएसएफ जवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। किशनगंज में रोजगार और विकास के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही देश की सुरक्षा बढ़ेगी। सीआईएसएफ कई महत्वपूर्ण कार्यों को करती है, जैसे एयरपोर्ट को सुरक्षा देना, परमाणु संयंत्र को सुरक्षा देना, रेल मेट्रो आदि को सुरक्षा प्रदान करना, तेल रिफाइनरी स्टील प्लांट को सुरक्षा प्रदान करना, प्रमुख सरकारी भवनों को सुरक्षा प्रदान करना एवं कुछ प्रमुख वीवीआईपी लोगों को भी सुरक्षा देना इसके मुख्य काम हैं। सीएम ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। किशनगंज जिला अपने भौगोलिक स्थिति के कारण काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

# जनसेवा का द्वार है स्वास्थ्य विभाग : निशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत ने शुक्रवार को मंत्री का पदभार ग्रहण किया। निशांत ने जहां स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। पहले जानेंगे, सीखेंगे उसके बाद जो बेहतर होगा करेंगे। उन्होंने दोहराया कि पिता ने जो कार्य किए उन्हें आगे बढ़ाएंगे। स्वास्थ्य विभाग जनसेवा का द्वार है तो जनता की सेवा का काम करेंगे। सभी बिहारवासियों को समान स्वास्थ्य सेवाएं मिले, इसका प्रयास करेंगे। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने पर निशांत कुमार ने कहा कि आज पहली बार आया हूं अपना ऑफिस ज्वाइन करने। अधिकारियों से बातचीत हुई है। मैंने सभी को कहा है कि हम एक ईमानदार छवि स्वास्थ्य विभाग की बनाएं। हम कोई भ्रष्टाचार या गलत काम बर्दाशत नहीं करेंगे। सब लोग ईमानदारी से काम करें।

# बटाने नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई गांव के समीप बटाने नदी में शुक्रवार की शाम दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान तिताई बिगहा निवासी अनीश मेहता के छह वर्षीय पुत्र शिवम कुमार एवं राजकुमार मिस्त्री के नौ वर्षीय पुत्र आर्या कुमार के रूप में की गई हैं। जानकारी के अनुसार तिताई बिगहा और पवई गांव के बीच खाली पड़े मैदान में कुछ बच्चे गेंद खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद बटाने नदी में जा गिरी। गेंद निकालने के लिए तीन बच्चे नदी में उतर गए। शिवम और आर्या को नदी की गहराई का अंदाजा नहीं था। शिवम का बड़ा भाई भी दोनों के साथ गेंद निकालने में लग गया। इसी बीच तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर कोचिंग से लौट रहे पवई गांव निवासी गुड्डू कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने में जुट गए। ग्रामीणों ने एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाहर निकले बच्चे ने बताया कि उसके दो साथी अभी भी नदी में डूबे हुए हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को आनन-फानन में सुंदरगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन दोनों बच्चों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षा विभाग में बनेगा सिंगल विंडो सिस्टम : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जवाबदेही और जनसुविधा को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाया जाए। साथ ही आम लोगों और शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित करने को कहा। शिक्षा मंत्री ने विभाग में सशक्त सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और आमजन को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली तैयार की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर शिकायत का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से समाधान होना चाहिए। प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने का निर्देश भी दिया गया। श्री तिवारी ने शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा अपर मुख्य सचिव स्तर से लेकर मंत्री स्तर तक की जाए। मंत्री ने कहा कि हर शिकायत का समाधान एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिकायतों को लंबित रखने की प्रवृत्ति खत्म की जाए। बैठक में शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही हर स्तर पर दिखनी चाहिए।



## लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए चलेगा विशेष अभियान

# बिहार में अब भू माफिया की खैर नहीं

### राजस्व विभाग की कमान संभालते ही एक्शन मोड में मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नवनियुक्त मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय कार्यालय कक्ष में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता तक त्वरित सेवा पहुंचाने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। कार्यभार ग्रहण करने से पहले विभाग के सचिव जय सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, भू-अर्जन निदेशालय के निदेशक कमलेश कुमार सिंह, अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव



वत्सराज सहित विभाग के सभी वरीय अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की जनता के कार्यों को सरल और सुलभ बनाना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा विभाग है और जनता तक सुविधाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा कि वे पहले भी इस विभाग का नेतृत्व कर चुके हैं और उनके पूर्व कार्यकाल में 11 हजार कर्मियों की बहाली की गई थी। साथ ही विशेष सर्वेक्षण कार्य की शुरुआत भी उसी दौरान हुई थी। मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक दौर में विशेष सर्वे को लेकर राज्यभर में भ्रम और अफरा-तफरी का माहौल था, लेकिन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने धैर्य और मेहनत से स्थिति को संभाला तथा आज सर्वे का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। मंत्री डॉ. जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि पिछले तीन माह से जारी हड़ताल के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हुए हैं और कई महत्वपूर्ण मामले लंबित हैं। इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हड़ताल के दौरान कार्य प्रभावित होने से विभाग की छवि भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल अब समाप्त हो गई है, कार्य को पटरी पर लाने के लिए अगले तीन माह विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगले तीन महीनों तक पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत के साथ काम करना होगा ताकि व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाया जा सके। उन्होंने दो टूक कहा कि काम में कोताही न वे स्वयं करते हैं और न ही किसी प्रकार की लापरवाही पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों के दरवाजे तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। यही लक्ष्य प्राप्त करना उनका उद्देश्य है। राज्य में सक्रिय भू माफियाओं को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का स्पष्ट संदेश है कि भू माफिया या तो सुधार जाएं या फिर बिहार छोड़ दें। न्याय के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता है और इसे हर हाल में लागू किया जाएगा।

## महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों के कल्याण को मिलेगी प्राथमिकता : मंत्री

### समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने पदभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने सचिवालय स्थित विभाग के मुख्य कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित, असहाय, गरीब, दिव्यांग और पिछड़े वर्ग के लोगों का उत्थान करना है। विभाग की सभी योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ



पहुंच सके। डॉ. गुप्ता ने विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, विधवाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के कल्याण पर जोर देते हुए कहा कि इन वर्गों के लिए संचालित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। महिलाओं की आर्थिक स्वावलंबन, बाल विकास, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए नए-नए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि योजनाओं की निगरानी और समीक्षा को और सख्त बनाया जाएगा तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। इस अवसर पर विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक धर्मेंद्र कुमार और आईसीडीएस एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के निदेशक योगेश कुमार सागर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण के बाद मंत्री ने विभाग का भ्रमण कर कर्मचारियों से भी संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

## महाराणा प्रताप की वीरगाथा राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती रहेगी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महान योद्धा महाराणा प्रताप को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें शौर्य, साहस और पराक्रम का प्रतीक बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मातृभूमि और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महाराणा प्रताप की गौरवगाथा सदैव अविस्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप अपनी वीरता, दृढ़ संकल्प और मुगल शासक अकबर के खिलाफ अभूतपूर्व संघर्ष के लिए इतिहास में अमर हैं। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप ने अदम्य साहस का परिचय दिया और मातृभूमि के गौरव तथा आत्मसम्मान



की रक्षा के लिए कठिन संघर्ष किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का अतुल्य समर्पण, अमर बलिदान और वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और त्याग की प्रेरणा देती रहेगी।

## मखाना, शहद और सब्जी उत्पादकों को मिलेगा सहकारिता मॉडल का लाभ : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने सहकारिता मंत्री का पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, सहयोग समितियों के निबंधक रजनीश कुमार सिंह समेत विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने विभाग में बतौर मंत्री अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता सहकारिता का सर्वांगीण विकास होगा। सहकारिता से समाज के सभी वर्गों, विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएगा। सहकारिता का सबसे मजबूत स्तंभ पैक्स है। मेरी



प्राथमिकता पैक्सों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना होगी। पैक्सों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था से संबंधित सभी प्रकार के व्यवसाय को प्रारंभ किया जाएगा। सहकारी बैंकों को मजबूत बनाना प्राथमिकता रहेगी। सहकारी बैंकों के कस्टमर बेस को बढ़ाना एवं बैंकों में नवीनतम तकनीकी के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को समय पर कृषि ऋण दिया जाना एवं उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिप्राप्ति के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को पैक्स में प्रोत्साहित किया जाएगा। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि अब कृषि के साथ-साथ विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में भी सहकारिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। सहकारी समितियों में आधुनिकतम टेक्नोलॉजी एवं पेशेवर प्रबंधन को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाया जाएगा। वेजफेड को मजबूत करने के लिए सब्जी उत्पादक समितियों को सशक्त बनाया जाएगा। शहद एवं मखाना उत्पादक एवं प्रसंस्करण के लिए प्रखंड स्तरीय समितियों को गठित कर किसानों को उनके उत्पादन का समुचित लाभ दिलाया जाएगा।

## मंत्री श्रेयसी सिंह ने उद्योग विभाग का पदभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्योग विभाग में उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह के आगमन पर उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर मंत्री ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंत्री को विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों एवं प्रगति कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण के दौरान राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक आधारभूत संरचना तथा निवेशकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार में उद्योग मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव एवं



जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास को नई गति देने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल, पारदर्शी एवं उद्योग समर्थ वातावरण तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा राज्य में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से उद्योग विभाग पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा। साथ ही विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए उद्योगों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाएगी।

## गांव से शहर तक मिलेगी समान स्वास्थ्य सुविधा : निशांत कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निशांत कुमार ने शुक्रवार को नए स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने गुरुवार को नए मंत्रिमंडल गठन के दौरान मंत्री पद की शपथ ली थी। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में राज्य में जो भी ईमानदारी पूर्वक विकास कार्य किए, उसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर मंत्री ने कहा कि यह शहर से लेकर गांव तक एक समान होगी। यानी अमीर-गरीब में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक जरूरतमंद को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि कार्यभार



ग्रहण करने का आज पहला दिन है, इसलिए राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं और योजनाओं को थोड़ा समझना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी और संवेदना बरती जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों की एक बैठक भी की जिसमें सचिव लोकेश कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय के साथ दूसरे पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# कौशल विकास को मिलेगी नई दिशा

### मंत्री बनने पर अरुण शंकर प्रसाद को डॉ. आनंद रंजन झा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/वैशाली।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, श्रम संसाधन एवं प्रवासी कल्याण विभाग, बिहार सरकार के मंत्री बनाए जाने पर डॉ. आनंद रंजन झा ने अरुण शंकर प्रसाद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर डॉ. झा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि अरुण शंकर प्रसाद के नेतृत्व में बिहार के युवाओं को कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में नई दिशा एवं बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री के रूप में उनका अनुभव, दूरदर्शिता एवं कार्यशैली राज्य के लाखों युवाओं के



भविष्य को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली की ओर से कुशल युवा कार्यक्रम के सफल एवं निरंतर संचालन हेतु मंत्री से विशेष आग्रह भी किया गया। डॉ. झा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम बिहार सरकार की युवाओं के लिए एक महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी योजना है जो युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संचालित है और राज्य के लाखों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सोसाइटी की ओर से निवेदन किया गया कि वर्तमान समय में योजना से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, तकनीकी बाधाओं एवं प्रशासनिक चुनौतियों का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से जारी रह सके तथा अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना का लाभ मिल सके। केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने मंत्री से अनुरोध किया कि केंद्र संचालकों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सकारात्मक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं जिससे योजना की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता बनी रहे तथा बिहार के युवाओं का भविष्य सुरक्षित एवं सशक्त हो सके।

## पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक दल के नेता सुवेंदु अधिकारी को मंगल पांडेय दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने पश्चिम बंगाल भाजपा विधानमंडल दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर सुवेंदु अधिकारी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि श्री अधिकारी का यह चयन भाजपा कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत, जनता के भरोसे और संगठन की मजबूत नींव का परिणाम है। उनके चयन के लिए पश्चिम बंगाल बतौर पर्यवेक्षक आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी कोटि-कोटि धन्यवाद एवं बधाई। अमित शाह की उपस्थिति में यह चयन किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि श्री सुवेंदु अधिकारी जमीनी राजनीति के अनुभवी नेता हैं। पंचायत से लेकर विधानसभा तक उनका लंबा अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क की मजबूत पकड़ बंगाल की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

# बुजुर्गों को घर तक राशन पहुंचाने की तैयारी : मंत्री अशोक चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार की सुबह विभाग पहुंचकर अपना पदभार संभाल लिया। इस मौके पर विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद मंत्री अशोक चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार के करोड़ों लोगों के जीवन से काफी गहराई से जुड़ा विभाग है। राज्य में राशन कार्ड के लाभार्थियों की संख्या 8 करोड़ से ज्यादा है। हमारा प्रयास होगा कि आगामी दिनों में राशन कार्ड के बुजुर्ग लाभार्थियों को उनके घर तक राशन पहुंचाया जाए। कोई भी योग्य और जरूरतमंद परिवार राशन कार्ड से वंचित नहीं रहेगा। विभाग उपभोक्ताओं के हित में आगे भी लगातार काम करेगा। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव विभूति रंजन चौधरी, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रबन्ध निदेशक सुनील कुमार, संयुक्त सचिव रवीन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सृष्टि प्रिया सहित अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने उन्हें विभाग के कार्यकलापों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## संविधान विरोधी बिहार सरकार में शिक्षक अभ्यर्थियों का दमन बर्दाश्त नहीं : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य की नवनियुक्त सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार और सरकार की दमनकारी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की है। राजेश राम ने कहा कि बिहार सरकार अपनी हक की मांग कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर पीट रही है। लात-घूंसों और लाठियों का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा योग्य अभ्यर्थियों, यहां तक कि महिलाओं को भी जूतों से मारा जा रहा है



जो अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ करोड़ों रोजगार देने का दावा करती है वहीं दूसरी तरफ राज्य का खजाना खाली हो चुका है और सरकार हर महीने करोड़ों के कर्ज पर चल रही है। राजेश राम ने मांग की कि जो अभ्यर्थी परीक्षा पास कर चुके हैं और योग्य हैं, उन्हें अविलंब नियुक्ति पत्र दिया जाए।

## अश्लील और फूहड़ गानों पर लगेगी रोक : डॉ प्रमोद कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री के रूप में डॉ प्रमोद कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मौके पर सर्वप्रथम उन्होंने शंखनाद कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विभिन्न कला क्षेत्रों के कई कलाकारों ने उनका स्वागत अभिवादन किया। पदभार ग्रहण के उपरांत मंत्री ने कहा कि बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति, लोक परंपराओं एवं विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए विभाग निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कलाकारों,



साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के सहयोग से राज्य की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य की लोककलाओं, सांस्कृतिक धरोहरों, संग्रहालयों, रंगमंच एवं युवा कलाकारों को प्रोत्साहन देना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना, गुरु-शिष्य परंपरा योजना, कला एवं फिल्म शिक्षा से जुड़ी छात्रवृत्ति योजनाओं तथा बिहार में फिल्म शूटिंग के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और फिल्म सब्सिडी को बढ़ावा देने संबंधी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

## परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने बेहतर कनेक्टिविटी पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांवों से शहरों तक अब सड़क संपर्क सुगम और मजबूत होगा। इसके लिए परिवहन विभाग और अधिक तैयारियों के साथ काम करेगा। यह बात परिवहन विभाग के नए मंत्री दामोदर रावत ने शुक्रवार को विश्वेश्वरैया भवन स्थित अपने कार्यालय में पदभार संभालते हुए कही। परिवहन सचिव राज कुमार और राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसान सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि बिहार भी अन्य राज्यों की तरह परिवहन सुविधाओं से लैस होगा। जाम की समस्या को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा ऑनलाइन कटे चालानों में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। ये सभी सुविधाएं जनहित में जरूरी हैं। उन्होंने आगे कहा कि विभाग के पदाधिकारियों पर निगरानी रखी जाएगी ताकि वे बेहतर प्रदर्शन करें। मौके पर विभाग के संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

## लंबित ट्रैफिक चालान अब लोक अदालत में जमा करें, मिलेगी 50% तक छूट

### मोटरवाहन अधिनियम के तहत दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को 24 घंटे में थाना से छोड़ना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यभर में जिन लोगों ने सड़क पर वाहन चलाते समय किसी के नियम का उल्लंघन किया है और उनका चालान कट गया है। 90 दिन बीतने के बाद भी जिन लोगों ने इसे जमा नहीं किया है, उन्हें इसे लगभग 50 फीसदी छूट के साथ एक मुश्त जमा करने की सुविधा लेकर सरकार आई है। इसके लिए सभी जिला मुख्यालय में मौजूद जिला कोर्ट में लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। अगले वर्ष मार्च तक कुछ-कुछ अंतराल पर इस तरह की लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। ताकि लोग अपने सभी लंबित चालानों का निपटारा करवाकर राजस्व जमा कर सकें। यह जानकारी एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने दी। वह शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में पहली लोक अदालत का आयोजन 9 मई को पटना समेत अन्य स्थानों पर होने जा रहा है। इसमें ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरह से चालान की राशि जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। एडीजी श्री कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों को राहत देने के लिए पीएम राहत योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी 2026 को की है। इसके तहत किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सरकार की तरफ से 1.50 लाख रुपये आर्थिक सहायता के तौर पर दी जाती है। किसी वाहन से सड़क पर धक्का लगने के 24 घंटे के अंदर पीड़ित को किसी अधिमान्य प्राप्त अस्पताल में एडमिट कराना अनिवार्य होता है। अगर व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड मौजूद है, तो वे भी इसके माध्यम से लाभ उठा सकते हैं। थाना वालों को इससे संबंधित जानकारी ई-डार पोर्टल पर भी भरना आवश्यक है। किसी तरह के दुर्घटना की जानकारी का थाना स्तर पर 24 घंटे में संपुष्ट करना होगा। एडीजी ने कहा कि मोटरयान अधिनियम की धारा 136 के दर्ज प्रावधानों के अनुसार किसी दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना से 24 घंटे में छोड़ना अनिवार्य है।

## सोलर स्ट्रीट लाइट की शिकायतों का जल्द होगा निपटारा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर सचिव मनोज कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मंत्री श्री प्रकाश ने लोगों की शिकायतों के निपटारे पर दिया जोर, कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत पंचायतों में लगी सोलर स्ट्रीट लाइट्स के रख-रखाव और योजना के क्रियान्वयन से संबंधित शिकायतों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित किया जाए। दूसरी बार विभाग का पदभार संभालने पर मंत्री ने विभागीय योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही वित्त आयोग की ओर से सम्पोषित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति लेकर योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेने का सचिव को निर्देश दिया। आगे कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को विकास की सशक्त इकाई के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह, पारदर्शी व जनोन्मुख बनाने की दिशा में विभाग निरंतर काम करता रहेगा।

# एसडीएम जनता दरबार में 83 मामले आए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में कुल 83 परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें सबसे अधिक 42 मामले राशन कार्ड से संबंधित थे जबकि 22 मामले भूमि विवाद के रहे। शेष 19 मामले अन्य विभागीय समस्याओं से जुड़े थे। परिवादियों ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देकर त्वरित समाधान की मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी 83 आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जीवन जीने में आसानी के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आमजन को अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इस अवसर पर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने और आवेदकों को निष्पादन की सूचना देने को भी कहा गया। प्रशासन का प्रयास है कि जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान हो सके। जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# मिथिलेश तिवारी के शिक्षा मंत्री बनने पर राष्ट्र रत्न संगठन व शिक्षाविदों ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार में मिथिलेश तिवारी को शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर जिले भर के शिक्षाविदों एवं राष्ट्र रत्न संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार की शिक्षा व्यवस्था नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। इस अवसर पर राष्ट्र रत्न संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मधेश्वर सिंह, डीके कार्मेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार (डिवाइन पब्लिक स्कूल), राष्ट्रीय सदस्य आनंद कुमार सिंह, आरएसके पब्लिक स्कूल, प्रशांत सिंह, सोन राइजिंग स्कूल, समीर कुमार, डीपीएस स्कूल डालमियानगर तथा जिला अध्यक्ष अरविंद भारती, (अरविंद एकेडमी, डिहरी) सहित जिले के अनेक शिक्षाविदों ने खुशी व्यक्त की। शिक्षाविदों ने कहा कि मिथिलेश तिवारी शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों को गंभीरता से समझते हैं और उनके अनुभव का लाभ बिहार के लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं निजी विद्यालयों को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्र रत्न संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बिहार में शिक्षा के विकास के लिए यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# दिनारा क्षेत्र के रवि रंजन सिंह बने जन सुराज पार्टी के रोहतास जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जन सुराज पार्टी ने रोहतास में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। दिनारा प्रखंड निवासी रवि रंजन सिंह को पार्टी का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद रवि रंजन सिंह ने कहा रोहतास में बिहार का सबसे मजबूत संगठन बनाया जाएगा। मालूम हो कि शुक्रवार को जन सुराज के क्षेत्रीय प्रभारी रविंद्र द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। क्षेत्रीय प्रभारी के निर्देशन में हुई बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। नई टीम में रवि रंजन सिंह को जिलाध्यक्ष, अशोक भारती को महामंत्री, प्रियंका सिंह को महिला अध्यक्ष, बलजीत यादव को युवा अध्यक्ष, रमेंद्र कुमार सिंह को मुख्य प्रवक्ता, रतन सिन्हा को मुख्य प्रवक्ता महिला, डॉ. सच्चिदानंद सिंह को कार्यालय प्रभारी और शाह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा प्रकोष्ठों की भी घोषणा हुई। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अखलाक अहमद, कर्पूरी मंच के अध्यक्ष कन्हैया शर्मा, अंबेडकर मंच के अध्यक्ष हरेराम पासवान, ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. अमिताभ सिंह और किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष बलराम सिंह को नियुक्ति पत्र दिया गया। क्षेत्रीय प्रभारी ने नई जिला टीम को 101 सदस्यीय जिला कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। बताया गया कि सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपनी कमेटी बनाकर देंगे।

# विधायक स्नेहलता ने किया तिलौथू अंचल का निरीक्षण, कर्मियों की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

## आम जनता को कर्मी अनावश्यक परेशान न करें तथा जिम्मेदारी के साथ कार्य करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को उस समय हलचल बढ़ गई जब क्षेत्रीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा अचानक अंचल कार्यालय पहुंच गईं। प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचते ही बीडीओ अंकिता जैन एवं प्रभारी अंचलाधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने विधायक के सामने अंचल कार्यालय की कार्यशैली को लेकर कई शिकायतें रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रभारी सीओ अक्सर फोन रिसीव नहीं करते हैं तथा आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई दिनों तक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर उनकी समस्याएं नहीं सुनते हैं। जनता की शिकायतें सुन विधायक स्नेहलता कुशवाहा नाराज हो गईं और उन्होंने प्रभारी अंचलाधिकारी सहित अन्य कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को परेशान नहीं किया जाए तथा सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो कार्य कार्यालय स्तर से संभव हो, उसे तुरंत किया जाए और यदि किसी कार्य के लिए अन्य विभाग में जाना आवश्यक हो तो लोगों को सही जानकारी देकर मार्गदर्शन किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने तिलौथू क्षेत्र में लंबे समय से बाधित नल-जल सेवा की समस्या भी विधायक के समक्ष उठाई। इस पर बीडीओ अंकिता जैन ने बताया कि पीएचईडी विभाग के पूर्व जेई की लापरवाही को लेकर रिपोर्ट भेजी गई थी जिसके बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि नए जेई ने योगदान दे दिया है और अब नल-जल योजना के कार्य में तेजी लाई जा रही है। विधायक की मौजूदगी में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख कपिल कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार, फूलेंद्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# योजनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला कृषि टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कृषि विभाग अंतर्गत संचालित गरमा बीज वितरण, फार्मर रजिस्ट्री, उर्वरक की उपलब्धता एवं छापेमारी अभियान, पक्का चेक डैम निर्माण तथा तालाब निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाते हुए अधिकाधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित पठारी क्षेत्र तालाब निर्माण योजना, नाव एवं जाल पैकेज वितरण, बोरिंग-सह-सोलर समर्सिबल पंपसेट योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र धार्मिक यज्ञों और अनुष्ठानों से गुंजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** इन दिनों पूरा बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र धार्मिक यज्ञों और अनुष्ठानों से सराबोर है। अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में मंदिर स्थापना, पुनर्स्थापना और ज्ञान यज्ञों का सिलसिला जारी है। इन आयोजनों की शुरुआत जलभरी शोभायात्रा और प्रवचन कार्यक्रमों के साथ हुई है। यज्ञ स्थलों पर पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है। विदित हो कि अनुमंडल क्षेत्र के काशी घाट स्थित सूर्य नारायण मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए आयोजित यज्ञ का हाल ही में समापन हुआ है। वहीं काराकाट प्रखंड के मोथा और गोरख परासी गांव में यज्ञ का शुभारंभ हो चुका है। सूर्यपुरा प्रखंड मुख्यालय के सूर्यपुरा में शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ चल रहा है जहां कथावाचक रोजाना श्रद्धालुओं को शिव महिमा सुना रहे हैं। वहीं दावथ प्रखंड के शहादत डिहरा गांव में भगवान शंकर एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विशेष यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रखंड के चंवरी गांव में भी यज्ञ अनुष्ठान शुरू है। चंवरी गांव में विभिन्न यज्ञों के आयोजनों में भजन-कीर्तन की प्रस्तुति करने वाले लाल बाबू शर्मा भी पत्रिका गांव होने के कारण शामिल है। इन सभी स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। इन धार्मिक अवसरों पर निकाली जा रही जलभरी शोभायात्राएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं लाल और पीले वस्त्र धारण कर पहुंच रही हैं। परिक्रमा स्थलों पर भी पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी अधिक देखी जा रही है। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत माहौल पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ निकाली जा रही शोभायात्राएं धार्मिक अनुष्ठानों के प्रति लोगों के बढ़ते झुकाव को भी प्रदर्शित कर रही है। स्थानीय पुजारियों और विद्वानों के अनुसार यज्ञ का धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों महत्व है। उनका मानना है कि यज्ञ से निकलने वाले धुएं से वातावरण शुद्ध होता है और हवन सामग्री की सुगंध से आसपास के पर्यावरण में भी पवित्रता आती है। इससे रोगाणु नष्ट होते हैं। साथ ही यज्ञ में शामिल होने से लोगों के मन में कुछ दिनों के लिए सात्विकता और शांति का भाव भर जाता है।

# डीडीयू मंडल में कार्यरत 51 ग्रुप डी रेल कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से बाकले अधिकारी क्लब में मई दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मई दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि श्रम, समर्पण और कर्मनिष्ठा का सम्मान करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की वास्तविक शक्ति उसके कर्मचारी हैं जो अपने परिश्रम, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता से रेल संचालन को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान डीडीयू मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 51 ग्रुप डी रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षा चित्रा सिंह ने सम्मानित कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा आकांक्षा चौधरी, सचिव शालीनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, संयुक्त सचिव श्रीमती वैष्णवी, श्रीमती मीता नारी, श्रीमती दीपिका, श्रीमती सोमा चटर्जी, श्रीमती आरती आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# डिहरी ऑन-सोन में 10 को इमारत-ए-शरिया का सम्मेलन

## जिले भर में लगातार दौरा कर रहे हैं इमारत-ए-शरिया के प्रचारक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** इमारत-ए-शरिया बिहार, उड़ीसा एवं झारखंड की ओर से 10 मई 2026 को रोहतास जिले के डिहरी-ऑन-सोन में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की तैयारियां पूरे जिले में जोर-शोर से चल रही है। इमारत-ए-शरिया के प्रचारक पिछले 25 दिनों से जिले के गांव-गांव और बस्ती-बस्ती जाकर लोगों को सम्मेलन की अहमियत, जरूरत और उद्देश्यों से अवगत करा रहे हैं। इस अभियान से लोगों में काफी उत्साह और जागरूकता देखी जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्ट क्लब, जकी बिगहा में किया जाएगा। पहला कार्यक्रम सुबह 9 बजे से लेकर जोहर की नमाज तक चलेगा जिसमें जिले भर के नकीब और नायब नकीब शामिल होंगे। यह एक विशेष प्रशिक्षण सम्मेलन होगा जिसमें मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी और इमारत-ए-शरिया के अन्य जिम्मेदार लोग वर्तमान परिस्थितियों में नकीबों और नायब नकीबों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन देंगे। दूसरा बड़ा सम्मेलन उसी दिन मगरिब की नमाज के बाद आयोजित होगा जिसमें जिले भर के उलेमा, इमाम, मस्जिदों के मुतवल्ली, सदर, सचिव और बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में जिले के संगठनात्मक कार्यों को मजबूत करने, मकतब और मदरसों को अधिक प्रभावी बनाने तथा वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार उन्हें बेहतर ढंग से संचालित करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा मस्जिदों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों जैसी वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, मुस्लिम बच्चियों की दीनी और नैतिक शिक्षा की हिफाजत तथा नई पीढ़ी की सही मार्गदर्शन व्यवस्था पर भी विशेष रूप से विचार किया जाएगा। पूरे जिले को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर समितियों के गठन और घोषणा की भी योजना है।

इस विशाल सम्मेलन की अध्यक्षता मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी करेंगे। वहीं मुख्य वक्ताओं में मुफ्ती मोहम्मद सईदुर्रहमान कासमी, मुफ्ती अंजार आलम कासमी, मुफ्ती मोहम्मद सोहराब नदवी, मौलाना कमर अनीस कासमी, मौलाना अहमद हुसैन कासमी मदनी सहित कई वरिष्ठ उलेमा शामिल होंगे। पूरे कार्यक्रम के संयोजक अहसानुल हक कासमी हैं। स्वागत समिति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार सक्रिय है। वहीं इमारत-ए-शरिया के प्रचारक पिछले कई दिनों से लगातार गांवों का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इन प्रचारकों में मौलाना मुजम्मिल हुसैन कासमी, मौलाना रफी अहमद नदवी, मौलाना अब्दुल जब्बार हुसामी, मौलाना खालिद अनवर कासमी, मौलाना नोमान अहमद कासमी, मौलाना उस्मान रहीमी, मौलाना नौशाद कासमी, मौलाना फिरोज तथा हाफिज शफीउल्लाह के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम की संपूर्ण निगरानी मुफ्ती मोहम्मद सोहराब नदवी एवं मौलाना अहमद हुसैन कासमी मदनी कर रहे हैं।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थल : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल घूमने का माध्यम नहीं होता, बल्कि यह रोजगार, व्यापार और आर्थिक विकास का भी बड़ा आधार है। पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जाएंगे। स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्प, संस्कृतिकर्मियों और छोटे व्यापारियों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने आगे कहा कि इसके साथ-साथ बिहार के पर्यटन स्थलों का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि देश-विदेश से अधिक से अधिक पर्यटक बिहार आएं। हमारी सरकार का प्रयास होगा कि बिहार की पहचान केवल इतिहास तक सीमित न रहे, बल्कि आधुनिक पर्यटन के क्षेत्र में भी बिहार एक नई मिसाल बने। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि हम सभी एक टीम के रूप में कार्य करें और बिहार के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें।

# गांव-गांव तक बारहमासी सड़क संपर्क सुनिश्चित करेगा विभाग : सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के नवनियुक्त मंत्री सुनील कुमार ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक संक्षिप्त समीक्षा बैठक भी की जिसमें राज्य में चल रही ग्रामीण सड़क तथा पुल निर्माण से संबंधित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राज्य की चहुंमुखी विकास का रास्ता गांवों की सुदृढ़ सड़कों से ही होकर गुजरता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार के सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में बारहमासी संपर्कता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण कार्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास केवल आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गांवों तक गुणवत्तापूर्ण सड़कों और पुलों की संपर्कता होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। बाजारों तक किसानों की पहुंच आसान हुई है। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरुरी सेवाओं तक आमलोगों की पहुंच अधिक सुगम रही है। उन्होंने विभागीय प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के समावेशी विकास के विजन को धरातल पर उतारने के लिए विभाग पूरी तरह से कृतसंकल्पित है। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी गुणवत्ता, सड़क सुरक्षा, अनुरक्षण व्यवस्था तथा मानसून पूर्व की जा रही तैयारियों पर भी विशेष चर्चा की गई।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड संख्या–47/2026,दिनांक–20.03.2026, धारा–74/352/351(3) बी0एन0 एस0 एवं 08 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त **अकरम अंसारी पिता–महबुब अंसारी साकिन– टरिया, थाना–तरहसी, जिला–पलामू** के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.379340 Police(26-27):D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना काण्ड सं0–31/25, दि0–16.04.2025 धारा–78/79/329(3)/ 351(3) बी0एन0एस0, परिवर्तित धारा–78/79/329(4)/352/351(3) बी0एन0एस0 एवं 12 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त 1. कार्तिक यादव उर्फ छोटु यादव पिता–रामचन्द्र यादव, ग्राम–देवडीह, थाना–मनातू, जिला–पलामू एवं 2. उपेन्द्र यादव पिता–मिश्टर यादव, ग्राम–सरदमा सलैया, थाना–सोहेल, जिला–गया (बिहार) के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 379343 (Police)26-27*D



## Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Construction Of Additional Class Room in Different Schools Located in Different District of Palamu Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 01.06.2026 at 02.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only.

Ref. No.: **JEPC/CIV/03/2267/2026/1980** Ranchi, Date: - 07/05/2026

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 379258 Jharkhand Education Project Council(26-27)D



## स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या–BCECEB/Health(SR)/2026/05 दिनांक–08.05.2026**

विज्ञापन संख्या–BCECEB/Health(SR)/2026/01 एवं 2026/02 दिनांक 14.04.2026 एवं 2026/03 दिनांक 30.04.2026 के क्रम में सर्वसाधारण एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त विज्ञापन के आलोक में निर्धारित अवधि में पूर्णरूपेण स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सिनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु Online आवेदन पत्र भरा है, को सूचित किया जाता है कि **Document Verification हेतु तिथि, समय एवं अन्य सूचनाएँ पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन सं.– BCECEB/Health(SR)/ 2026/04 दिनांक–08.05.2026 द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है।**

औपबंधिक सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार के समय अपने सभी शैक्षणिक सहित वांछित मूल प्रमाण पत्रों/ अंक पत्रों/ अनुभव प्रमाण पत्रों एवं NOC आदि के साथ पर्षद कार्यालय में उपस्थित होंगे।

**नोडल पदाधिकारी**

# दिव्यांगों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण

**निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डो का भ्रमण किया**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के पहल पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांग व्यक्तियों को स्वचालित ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार की उपस्थिति में निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश चंद मालवीय, न्यायाधीश, माननीय उच्च न्यायालय, पटना के कर-कमलों द्वारा नवादा जिले के दिव्यांगजनों के बीच स्वचालित ई-रिक्शा का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा लाभार्थियों के चेहरे की चमक से झलक रही थी। सचिव महोदय ने बताया कि दिव्यांगजनों को दिए गए इस वाहन से उन्हें दैनिक कार्यो को करने में आसानी होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की इस पहल पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से सामाजिक कल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही निरीक्षी महोदय द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में पौधारोपण किया गया तथा न्यायमूर्ति द्वारा मंडल कारा, नवादा का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डो का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के समय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा उपस्थित थे। साथ ही कारा परिसर में निरीक्षी न्यायाधीश महोदय द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश चंद मालवीय, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, पटना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, अन्य अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारीगण, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, डिफेंस/पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**निरीक्षी न्यायाधीश ने किया जेल विजिट**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार की उपस्थिति में निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश चंद मालवीय, द्वारा मंडल कारा, नवादा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डो का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के समय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा एवं प्रधान दण्डाधिकारी, किशोर न्याय परिषद, नवादा उपस्थित रहे। साथ ही कारा परिसर में निरीक्षी न्यायाधीश महोदय द्वारा पौधारोपण किया गया।

# ताई मां ने धर्म को कर्म से जोड़कर की मानवता की सेवा : साध्वी संप्रज्ञा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हिसुआ (नवादा)। मानवता और सेवा की प्रतिमूर्ति, विरायतन की संस्थापिका पद्मश्री आचार्य चंदना ताई मां के महाप्रयाण के बाद हिसुआ में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को हिसुआ प्रखंड सभागार में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां समाज के हर वर्ग ने अपनी प्रिय 'ताई मां' को याद किया। जितेंद्र राज आर्यन की अध्यक्षता और ओंकार शर्मा कश्यप के संचालन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वीरायतन की मुख्य कर्ताधर्ता साध्वी संप्रज्ञा जी भी उपस्थित रहीं। चिकित्सक डॉ रवि निवास, अनूप जैन, बबलू जैन आदि ने हिसुआ आगमन पर उनका स्वागत किया। श्रद्धांजलि सभा का प्रारंभ ताई मां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान वातावरण ताई मां के संस्मरणों और उनके द्वारा किए गए मानवीय कार्यों की गूंज से अत्यंत भावुक रहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक उपेंद्र भाई त्यागी, नवादा सदर 2 के एसडीपीओ राहुल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद सिंह, अंचल अधिकारी सुमन सौरव, राजस्व अधिकारी मो आरिफ, सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार आदि ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने पद्मश्री चंदना जी को आधुनिक युग में सेवा की मूर्ति तथा 'करुणा की देवी' बताया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए आचार्य संप्रज्ञा ने ताई मां के संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ताई मां ने केवल उपदेश नहीं दिए, बल्कि सेवा को ही अपना धर्म बनाया। विरायतन के माध्यम से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य की जो अलख जगाई है, उसे अक्षुण्ण रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनका मूल मंत्र परोपकार ही मानव जीवन की सार्थकता है। पद्मश्री से सम्मानित ताई मां ने राजगीर की धरती से जिस 'विरायतन' की नींव रखी थी, आज उसकी शाखाएं विश्व भर में मानवता की सेवा कर रही हैं।

# जल शक्ति अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित, जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। शुक्रवार को डीआरडीए सभागार, नवादा में उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित जल संरक्षण एवं जल संचयन से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान "जल संचय जन भागीदारी पोर्टल" पर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की प्रविष्टि की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जल संरक्षण से संबंधित कराए गए कार्यों की प्रविष्टि एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से पोर्टल पर सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में आहर, तालाब, पइन, सोख्ता गड्ढा, कुआं एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य अभी तक पूर्ण नहीं किए गए हैं। इस पर संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक, एनईपी रवि जी, जिला मिशन प्रबंधक विश्वजीत प्रसाद, जिला समन्वयक अविनाश कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका चंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## फर्जी पुलिस बनकर उगाही करने वाला शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। लहेरी थाना पुलिस ने खाकी का रौब दिखाकर आम लोगों और वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गुरुवार की शाम गश्ती के दौरान पुलिस टीम नाजो मॉल के पास पहुंची। इसी दौरान एक टोटो चालक घबराया हुआ पुलिस टीम के पास पहुंचा और बताया कि एक युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे बंधक बनाकर घुमा रहा है। चालक ने आरोप लगाया कि आरोपी चालान काटने के नाम पर उससे 25 हजार रुपये की मांग कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस वाहन को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन गश्ती दल ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां निवासी विपिन पासवान के रूप में हुई।

# कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान, संगठन को मिलेगी नई मजबूतीः जदयू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नालंदा। बिहार सरकार में नालंदा जिले से श्रवण कुमार और निशांत कुमार को मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने पर जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान बताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि श्रवण कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते रहे हैं। वे लगातार आठवीं बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं और अपनी सादगी, सेवा भाव तथा नेतृत्व के प्रति निष्ठा के लिए जाने जाते हैं। वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वसनीय सहयोगियों में रहे हैं और हर राजनीतिक उतार-चढ़ाव में उनके साथ मजबूती से खड़े रहे हैं। उनकी छवि एक ऐसे जननेता की है, जो पद पर रहें या नहीं, हमेशा जनता के बीच उपलब्ध रहते हैं। वहीं, निशांत कुमार शिक्षित, ऊर्जावान और युवाओं के बीच लोकप्रिय नेता के रूप में उभर रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने से युवा वर्ग में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। जदयू नेताओं ने कहा कि 'न्याय के साथ विकास' और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दोनों नेता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस निर्णय के लिए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मो. अरशद, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, देव गुलरेज अंसारी, संजयकांत सिन्हा, रंजीत कुमार, धीरज पटेल सहित कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# पांच रुपये में इलाज का प्रलोभन देकर लाखों रुपये वसूल रहा धर्मशीला अस्पताल : पूर्व मंत्री

**गलत तरीके से पैसे निकासी पर इंश्योरेंस कंपनी ने किया एफआइआर**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। जिले के स्वास्थ्य विभाग में तैनात संबंधित अधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जारी भ्रष्टाचार और एक बहुचर्चित निजी अस्पताल में कथित रूप से पांच रुपए में इलाज की घोषणाओं का सच उजागर करने के लिए शुक्रवार को पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजवल्लभ प्रसाद ने एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन कर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पांच रुपए में संपूर्ण इलाज का दावा करने वाले धर्मशीला देवी मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नवादा के संचालकों पर हैरतअंगेज आरोपों के तहत एफआइआर दर्ज की गई है। उन्होंने एफआइआर कॉपी दिखाते हुए स्पष्ट किया कि इस अस्पताल में बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड की खरीद फरोख्त कर करोड़ों रुपए के सरकारी राजस्व की हेरा फेरी तो पूर्व से की जा रही है किंतु स्वास्थ्य बीमा के फर्जी दस्तावेजों पर करोड़ो रुपए का बीमा राशि हड़पने का नया खुलासा हुआ है। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि पांच रुपए में संपूर्ण इलाज का झांसा देकर आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग और स्वास्थ्य बीमा का हेर फेर बड़े पैमाने पर किया जा सकता है क्योंकि पूर्व में कई ऐसे उदाहरण सामने आ चुके हैं। इस कार्य में सदर अस्पताल नवादा में तैनात कई स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं जो गंभीर जांच का विषय है। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना नवादा में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। अस्पताल के संचालक की सच्चाई सामने आने पर वहां के संचालक के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर जांच कार्य शुरू कर दी गई है। उन्होंने संबंधित जांच अधिकारियों समेत जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया है कि धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल केंदुआ नवादा के संचालकों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच की जाय और तत्काल तत्काल प्रभाव से अस्पताल को शील कर दिया जाय ताकि जनहित में कोई अन्य मरीज की जान जोखिम में न हो और समय रहते सरकारी राजस्व की क्षति को भी रोका जा सके।

## हृदय गति रुकने से समाजसेवी का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। बीते दिवस अकबरपुर के व्यवसाय एवं समाजसेवी रोहन साव की मौत अचानक हृदय गति रुक जाने के वजह से हो गयी। उनके निधन पर साहु समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन खुर नदी के किनारे साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार बॉबी की अध्यक्षता में की गई। बॉबी ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि रोहन साव एक मिलनसार प्रवृत्ति के मितभाषी व्यवहारिक सामाजिक व्यक्ति थे। उनकी मृत्यु से सिर्फ साहू समाज को ही नहीं, बल्कि अकबरपुर को भी एक अपूरणीय क्षति हुआ है। उपस्थित लोगों ने उनके आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना किया। इस अवसर पर अर्जुन साव, सुबोध कुमार, बबलू, अमित कुमार, मुन्ना साव, अजय कुमार, भोला, रवि साव, कारू साव, समेत दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे।

# मानव सेवा से बड़ा कोई कर्म नहीं : सांसद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बिहारशरीफ स्थित रेड क्रॉस भवन में झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने परिसर में तुलसी एवं अशोक के पौधे भी लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस नालंदा के अध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी, उपाध्यक्ष सह पूर्व महापौर सुधीर कुमार एवं सचिव राजेश कुमार ने सांसद का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी और आज देशभर में इसकी लगभग 1200 शाखाएं सक्रिय हैं, जो स्वैच्छिक रक्तदान, स्वास्थ्य सेवा और अन्य मानवीय कार्यों के माध्यम से समाज की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और हर व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने नालंदा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था मानवीय चिकित्सा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रेड क्रॉस से जुड़ने की अपील की। रेड क्रॉस नालंदा के अध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी ने बताया कि सांसद द्वारा संस्था को एम्बुलेंस, केफीन बॉक्स, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि संस्था नालंदा के लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर डॉ. बालमुकुंद प्रसाद, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. धनंजय देव, अधिवक्ता अमित कुमार, कुमार मंगलम, धीरज पाठक, वार्ड पार्षद परमेश्वर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

**रेड क्रॉस स्थापना दिवस**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

हिलसा (नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उप जिला शाखा हिलसा द्वारा शुक्रवार को स्थापना दिवस समारोह सेवा भाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन कार्यक्रम के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी का झंडा फहराकर की गई। इसके बाद भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, पावापुरी के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस संस्था युद्ध, प्राकृतिक आपदा एवं स्वास्थ्य संकट के समय मानव सेवा और राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने तथा मानव सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी रेड क्रॉस के सेवा कार्यों की सराहना की। रक्तदान करने वालों में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, समिति सोसाइटी के प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ, डॉक्टर आशुतोष कुमार मानव, गणेश रजक, राजीव रंजन उर्फ शिव कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार उर्फ आलोक समेत रेड क्रॉस से जुड़े कई सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है : निदेशक

बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो। युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन सभागार में जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना समेत विभिन्न रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निदेशक सुनील कुमार, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार तथा जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना और मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने स्थानीय उद्योगपतियों से युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। वहीं बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार ने मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# तीन नाबालिग समेत चार लड़कियों को कराया मुक्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। सिलाव थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे मानव तस्करी और जबरन डांस कराने के मामले का खुलासा किया है। वार्ड नंबर-06 स्थित एक किराए के मकान में छापेमारी कर पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार लड़कियों को रेस्क्यू किया है। पुलिस के अनुसार इन लड़कियों को जबरन आर्केस्ट्रा में डांस करने के लिए मजबूर किया जाता था और विरोध करने पर प्रताड़ित किया जाता था। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, महिला थाना और सिलाव थाना की पुलिस शामिल थी। इस अभियान को 'एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन' के सहयोग से अंजाम दिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आर्केस्ट्रा संचालन में शामिल एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भोजपुर निवासी रोशनी कुमारी, मध्य प्रदेश निवासी अनुप कुमार वंशल, नूरसराय निवासी पवन कुमार तथा छत्तीसगढ़ निवासी धीरज प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि लड़कियों को मानव तस्करी के माध्यम से यहां लाया गया था और उन्हें जबरन डांस कराने के लिए दबाव बनाया जाता था। डांस करने से इनकार करने पर उनके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जाती थी। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क किन-किन राज्यों तक फैला हुआ है और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस रेस्क्यू अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने रेस्क्यू की गई लड़कियों को सुरक्षित स्थान पर भेजते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## छात्र जदयू ने परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात, केंद्र बदलाव पर जताई नाराजगी



हिलसा (नालंदा)/नबिटा सं। शुक्रवार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र जदयू के प्रदेश महासचिव धर्मपाल राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पटना स्थित विश्वविद्यालय कार्यालय पहुंचा, जहां परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखा। छात्र नेताओं ने स्नातक परीक्षा केंद्र को बिहारशरीफ स्थानांतरित किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि एसयू कॉलेज का परीक्षा केंद्र विगत कई वर्षों से शहर के सरदार पटेल कॉलेज में तथा सरदार पटेल कॉलेज का केंद्र एसयू कॉलेज में निर्धारित होता रहा है लेकिन इस बार स्नातक परीक्षा के लिए एसयू कॉलेज का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ में बना दिया गया है, जो हिलसा से करीब 35 किलोमीटर दूर है। इससे छात्रों, विशेषकर छात्राओं को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक को आवेदन सौंपते हुए मांग किया कि पूर्व की तरह ही परीक्षा केंद्र हिलसा में निर्धारित किया जाए। इस पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार ने आश्वासन दिया कि छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द ही इस दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

# मकान सूचीकरण कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नगरनौसा (नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में भारतीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण का कार्य डिजिटल मोड में किया जा रहा है। अभियान में लगभग 177 प्रगणक और 28 पर्यवेक्षक लगे हुए हैं। प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण करने के साथ परिवारों से 33 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र कर उसका सत्यापन कर रहे हैं। इस कार्य की निगरानी चार्ज पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षकों द्वारा लगातार की जा रही है। इससे पहले 1 मई तक कुछ परिवारों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना भी की गई थी। जिन परिवारों ने स्व-गणना नहीं की है, उनसे प्रगणक सीधे संपर्क कर आवश्यक जानकारी लेकर उसे ऐप के माध्यम से दर्ज कर रहे हैं। साथ ही मकानों का सूचीकरण भी किया जा रहा है। जनगणना का पूरा कार्य डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों को मकानों पर नंबर अंकित करने तथा कार्य को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप करने का निर्देश दिया।

## डॉ. प्रेम कुमार ने किया उत्तर कोयल जलाशय परियोजना का निरीक्षण

# समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया/औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, तकनीकी पहलुओं और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लगभग 1367 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना पूर्ण होने पर गुरुआ, गुरारू, कोच, परैया, आमस एवं मदनपुर प्रखंड के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी जिससे कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के अंतर्गत लगभग 36,500 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे क्षेत्र की कृषि व्यवस्था मजबूत होगी और किसानों को खेती के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुख्य नहर की लंबाई लगभग 19 किलोमीटर है तथा इससे संबंधित विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना का लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार कार्य कर रही है और उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ठंडे बस्ते में चली गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में इसे धरातल पर उतारा गया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना शीघ्र पूर्ण होकर क्षेत्र के विकास और किसानों की खुशहाली में मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर बसंत परमार, अखौरी धर्मेंद्र, राजनंदन गांधी, वेद प्रकाश, शिवा मांझी, रोबिन सिंह, अजीत मिश्रा, जितेंद्र सिंह, बलिराम सिंह, रंजय सिंह, माधुरी जायसवाल, विवेक कुमार, पंकज सिंह, रवींद्र कुमार एवं रौशन गुप्ता मौजूद रहे।

## आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे से लाखों लोगों को मिलेगा लाभ : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और संबंधित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे ग्रीन रोड के निर्माण से लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण के बाद लोग बहुत कम समय में राजधानी पटना पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वह दोबारा निरीक्षण के लिए आएंगे और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत फोर लेन सड़कों का निर्माण हुआ था जिसे अब राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के साथ सिक्स लेन में विकसित किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरियां भी दी जा रही हैं।

## भारतीय स्टेट बैंक की 'गैलरी सेंचुरी ऑफ एक्सिलेंस' का उप महाप्रबंधक ने किया अवलोकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय स्टेट बैंक, मेन ब्रांच, गया के निरीक्षण के दौरान पटना जोन से पहुंचे भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक राजीव कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्राहकों को बेहतर सुविधा तथा उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मेन ब्रांच, गया में स्थापित 'स्टेट बैंक संग्रहालय - गैलरी सेंचुरी ऑफ एक्सिलेंस गया ब्रांच हेरिटेज' का भी अवलोकन किया। इस गैलरी में वर्ष 1906 से 2026 तक भारतीय स्टेट बैंक के 100 वर्षों के स्वर्णिम सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और विशेष अवसरों को प्रदर्शित किया गया है। गैलरी में विभिन्न क्षेत्रों में भारत के उत्थान में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों से संबंधित आकृतिनुमा प्रतिमाएं भी प्रदर्शित की गई है जिन्होंने अलग-अलग समय में बैंक की सेवाएं लीं या बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े रहे। इसके साथ ही ज्ञान और मोक्ष की भूमि बोधगया और गया से संबंधित डिजिटल एवं संग्रहणीय नई-पुरानी तस्वीरों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विशेष रूप से विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर से जुड़ी तस्वीरें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इसके अलावा पुराने प्रचलित सिक्कों का संग्रह भी गैलरी में प्रदर्शित किया गया है। उप महाप्रबंधक राजीव कुमार ने ग्राहकों को गैलरी की महत्ता के बारे में जानकारी दी और बैंक के ऐतिहासिक सफर से जुड़े विभिन्न पहलुओं को साझा किया। निरीक्षण के दौरान मेन ब्रांच, गया की मुख्य प्रबंधक रूबी कुमारी, उप प्रबंधक सूजॉय चौधरी, अंकिता कुमारी और पेंशन प्रभाग पदाधिकारी रजनी सिंह मौजूद रहीं।

## सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकसित बिहार का लक्ष्य हासिल करेगा मंत्रिमंडल : जीतन राम मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम बिहार को सशक्त बनाने और सरकार को मजबूती देने की दिशा में सार्थक परिणाम देगा। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मंत्रिमंडल विस्तार पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुभव और युवा जोश के मिश्रण वाली यह सरकार बिहार को नई बुलंदियों तक पहुंचाएगी। मांझी ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह मंत्रिमंडल विकसित बिहार के लक्ष्य को हासिल करेगा। जीतन राम मांझी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मार्गदर्शन और आशीर्वाद सम्राट सरकार को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जिस विकास यात्रा की शुरुआत की थी, उसे सम्राट सरकार आगे बढ़ाएगी। केंद्रीय मंत्री ने समाज के सभी वर्गों और बिहार के क्षेत्रीय समीकरण को मंत्रिमंडल में स्थान देने के लिए एनडीए के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास' एनडीए का मूल मंत्र रहा है और नई सरकार के मंत्रिमंडल में सभी वर्गों की सहभागिता दिखाई देती है। मांझी ने कहा कि सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन के साथ गठित यह मंत्रिमंडल बिहार के लिए शुभ संकेत है और आने वाले समय में राज्य के विकास को नई गति देगा।

## सरकार युवाओं को उद्योग व रोजगार से जोड़ने के लिए चला रही कई योजनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बिहार कौशल विकास मिशन के तत्वाधान में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, केन्दुई, गयाजी के सभागार में पीएम इंटर्नशिप योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) पर एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशक सुनील कुमार के द्वारा की गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला कौशल प्रबंधक, उद्योग संघों के प्रतिनिधि, विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों के नियोजक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, अभियंत्रण, डिग्री, महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रशिक्षण प्रदाता एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार सिन्हा, सीएम प्रतिज्ञा ताप्ती भट्टाचार्या, डीमांड एग्रीगेशन स्पेलिस्ट, सीएम प्रतिज्ञा तथा आशीष कुमार, पीएमआईएस एवं एनएपीएस योजना के प्रतिनिधि के द्वारा शिरकत की गई। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय की पीएम इंटर्नशिप योजना 2024-25 के तहत 18-25 वर्ष के युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 6-9 माह की इंटर्नशिप का अवसर तथा 9000 रूपये तक की स्टाईपेंड राशि प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत पांच वर्षों की अवधि में कुल 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे देश में एक सशक्त एवं कुशल युवा कार्य बल का निर्माण हो सके। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना अंतर्गत 18-28 वर्ष के 12वीं पास, आईटीआई एवं ग्रेजुएशन पास बेरोजगार युवओं को कौशल प्रशिक्षण के दौरान रु 4000 से 6000 रूपये प्रतिमाह तक की प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत (2026-2031) आगामी पांच वर्षों में कुल लगभग 1,00,000 तक बिहार के योग्य युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नामित ट्रेड्स एवं वैकल्पिक ट्रेड्स में 6 माह से 36 माह तक की अवधि का अप्रेंटिशिप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित स्टाइपेंड का एक भाग (अधिकतम 1500 रूपये प्रति अप्रेंटिस प्रतिमाह) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से वहन किया जाता है। उद्योग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अप्रेंटिसशिप को सर्डिजाइन कर सकते हैं जिससे प्रशिक्षण उद्योग-विशिष्ट बनता है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल बिहार, समृद्ध बिहार, के उद्देश्य को साकार करने हेतु इन तीनों योजनाओं का क्रियान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितधारकों की शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रियंका कुमारी, संयुक्त निदेशक (नियोजन), रजिया इदरीसी, सहायक निदेशक (नियोजन), आकृति कुमारी एवं स्वाति सिन्हा, नियोजन पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शराब कारोबार मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 54/26 के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के कावर गांव निवासी रंजीत चौधरी के रूप में हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से अवैध शराब कारोबार में संलिप्त था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी, निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पूर्णिया कोर्ट एवं सहरसा से आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों की समय सारणी में संशोधन

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा सहरसा एवं पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार हेतु चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के समय सारणी में संशोधन किया जा रहा है। इससे यात्रीगण अब पहले की तुलना में कम समय में आनंद विहार पहुंच सकेंगे। पहले जहां पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार जाने वाली स्पेशल 05579 को 32.30 घंटा समय लगता था वहीं अब संशोधित समयानुसार यह सफर 30 घंटे में ही पूरा हो सकेगा अर्थात 02.30 घंटे समय की बचत होगी।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**(लापता 1. सुहैल साह उम्र–14 वर्ष, 2. अंकित कुमार कोरवा उम्र–13 वर्ष)**





रमकण्डा थाना कांड सं0–27/26, दि0–04.05.26 धारा–137(2), बी0एन0एस0 में लापता बालक 1. सुहैल साह उम्र–14 वर्श, पिता–रहमत अली साह, 2. अंकित कुमार कोरवा उम्र–13 वर्श, पिता–ओमप्रकाश कोरवा, दोनों सा0–रमकण्डा (उपर टोला) थाना–रमकण्डा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक के द्वारा उल्लेख किया गया है उक्त दोनों बच्चा हमेशा एक साथ रहता था। उक्त दोनों बच्चा दिनांक–29.04.26 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चला गया है तथा अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता दोनों बच्चों का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त दोनों लापता बच्चे कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–

1.नाम–सुहैल साह उम्र–14 वर्ष, लम्बाई–05 फिट, बाल–काला
रंग–गोरा, पहनावा–सफेद शर्ट एवं काला पैन्ट, हवाई चप्पल।

2.अंकित कु0 कोरवा उम्र– 13 वर्ष, लम्बाई–04 फिट, बाला–काला,
रंग–सांवला, पहनावा–हाफ धारीदार टि शर्ट पैन्ट, हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 379303 Police(26-27)D


## दानापुर मंडल में चलाये गये विशेष डिकॉय चेकिंग अभियान में की गई सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल ट्रेन परिचालन के साथ-साथ यात्रियों की हर सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। इसी क्रम में रेलवे द्वारा अधिकृत विक्रेताओं के ऊपर कड़ी निगरानी रखते हुए एक विशेष डिकॉय जांच अभियान के अंतर्गत ओवरचार्जिंग या गलत शुल्क लेने वाले विक्रेताओं को पकड़ा गया और जुर्माना भी लगाया गया। विगत 10 दिनों में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित खानपान स्टॉल, एमपीएस स्टॉल, पार्किंग क्षेत्र, भुगतान करके उपयोग करने वाला शौचालय, ट्रेनों में पैंट्री कार से संबंधित यात्रियों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में अधिकारियों एवं वाणिज्य निरीक्षक/सुपरवाइजर द्वारा डिकॉय चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत कुल 95 डिकॉय चेकिंग किए गए जिसमें जांच के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर संबंधित पैंट्री कार, पानी के बोतल मामले, कैटरिंग स्टॉल, पार्किंग, पे एंड यूज से संबंधित कई मामलों में जुर्माना भी अधिरोपित किया गया। उक्त कार्रवाई यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे की वाणिज्यिक इकाइयों में अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु की गई है।

## दो माह से वेतन नहीं मिलने से नियोजित शिक्षकों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बिहार राज्य नियोजित शिक्षक संघ के वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार और संघ प्रवक्ता शैलेन्द्र कुमार ने नियोजित शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान को लेकर नाराजगी जताई है। संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। संघ प्रवक्ता शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि वजीरगंज प्रखंड के नियोजित शिक्षकों को मार्च माह से अब तक वेतन नहीं मिला है। मई माह का पहला सप्ताह बीत जाने के बावजूद अप्रैल और मई माह का वेतन लंबित है। उन्होंने कहा कि लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि घर का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई, दवा-इलाज तथा कर्ज की किस्त चुकाना शिक्षकों के लिए मुश्किल हो गया है। कई शिक्षक आर्थिक तंगी के कारण गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित रूप से जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर वेतन प्रक्रिया पूर्ण दिखाई दे रही है, इसके बावजूद शिक्षकों के खातों में राशि नहीं पहुंची है। संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वजीरगंज प्रखंड के सैकड़ों नियोजित शिक्षक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सर्व देव प्राण प्रतिष्ठा शुरु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड के भैसमारा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सर्व देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा व जलभरी के साथ की गई। श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज (बावन भगवान) के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन भैंसमारा सहित आसपास गांव के बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा गांव स्थित दुर्गा स्थान के समीप बने यज्ञ मंडप से मोरहर नदी के तट पर पहुंचा जहां पूरे विधि विधान से जलभरी कर पुनः यज्ञ मंडप लौटा। जानकारी हो कि सात दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान का समापन आगामी 14 मई को प्राण प्रतिष्ठा व पूर्णाहूति व विशाल भंडारा के साथ किया जाएगा। अनुष्ठान के दौरान काशी व वृंदावन से आये विद्वानों द्वारा प्रतिदिन संध्या बेला में अमृतमंच कथा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

## शादी-विवाह में बढ़ा डीजे और डांस का चलन, बदल रहीं सामाजिक परंपराएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में शादी-विवाह एवं अन्य खुशी के अवसरों पर डीजे और डांस का प्रचलन लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले जहां बारातों में पारंपरिक बाजा, शहनाई और लोकगीतों का महत्व होता था, वहीं अब उनकी जगह तेज आवाज वाले डीजे और आधुनिक गीतों ने ले ली है। खासकर महिलाओं की भागीदारी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ी है। एक समय था जब गांवों में महिलाएं घर की छतों या पर्दे के पीछे से बारात और नाच-गाने का दृश्य देखती थीं। सामाजिक संकोच के कारण वे सार्वजनिक रूप से शामिल नहीं होती थीं। विवाह समारोहों में पुरुषों की ही अधिक भागीदारी दिखाई देती थी और पारंपरिक गीतों के साथ रस्में पूरी की जाती थी, लेकिन बदलते समय के साथ अब स्थिति काफी बदल चुकी है। देव पूजी, हल्दी, तिलक और बारात जैसे कार्यक्रमों में महिलाओं की पसंद के अनुसार डीजे की व्यवस्था की जा रही है। गांव की गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक महिलाएं और युवतियां खुलकर डांस करती नजर आ रही हैं। कई जगहों पर परिवार के सभी सदस्य एक साथ नाच-गाने में शामिल होते दिखते हैं। हालांकि समाज में अश्लील गीतों और तेज ध्वनि को लेकर लोग सार्वजनिक रूप से विरोध भी जताते हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से ऐसे गीतों का उपयोग समारोहों में धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाएं भी पीछे नहीं है। सामाजिक जानकारों का मानना है कि आधुनिकता और सोशल मीडिया के प्रभाव से विवाह समारोहों की परंपराएं तेजी से बदल रही हैं।


**NAME CHANGE**

I, ARFI FAIZ D/O MOHAMMAD FAIYAZUL HAQUE R/o Bankers Colony Gali, Near Soni Institute, Sadpura Khajepur Ward No.34, Sadpura, Ramna, Muzaffarpur, Bihar-842002 declare that name of my father has been wrongly written as FAIYAZUL HAQUE in my 10th and 12th Class marksheet cum certificate and Pan Card No.AGKPF4435C. The actual name of my father is MOHAMMAD FAIYAZUL HAQUE.



**शपथ-पत्र**

मैं शाहीन प्रवीण, पुत्री मो. नौशाद, निवासी ग्राम एवं पोस्ट-पपरौर, वार्ड सं.- 04, थाना- बरौनी, जिला- बेगूसराय, पिन कोड- 851210, राज्य- बिहार, राष्ट्रीयता- भारतीय, मैं सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि मैं ऊपर बताए गए पते का निवासी हूं। मेरा असली और सही नाम शाहीन प्रवीण है। मेरा नाम शाहीन प्रवीण है जो मेरे पुराने पासपोर्ट में दर्ज है। सुधार के बाद, आधार कार्ड में मेरा नाम शाहीन प्रवीण के रूप में दर्ज है, जो सही और असली है। शाहीन प्रवीण और शाहिन प्रवीण- ये दोनों नाम मेरे ही हैं और ये एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

**शपथकर्ता**
**शाहीन प्रवीण**



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**Tender Notice**

Sealed tender are invited in in two parts Part -I as Technical & Commercial, Part -II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 146/PR/JUSNL/ 2026-27 | Repair of wiring of D-Type (D/2, D/3, D/4 & D/6) Quarter at Colony Campus of Transmission Zone - IV, Medininagar. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 20000/- |
| 2. | 147/PR/JUSNL/ 2026-27 | Water Supply Distribution System For restoring earthing value of various Earth Pit at 220/132 kV, GSS, Bhagodih | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 19800/- |
| 3. | 148/PR/JUSNL/ 2026-27 | Water Supply Distribution System For restoring earthing value of various Earth Pit at 132/33 kV, GSS, Japla | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 19800/- |
| 4. | 149/PR/JUSNL/ 2026-27 | Water Supply Distribution System For restoring earthing value of various Earth Pit at 132/33 kV, GSS, Daltonganj | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 19800/- |
| 5. | 150/PR/JUSNL/ 2026-27 | Water Supply Distribution System For restoring earthing value of various Earth Pit at 132/33 kV, GSS, Garhwa Road | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 19800/- |
| 6. | 151/PR/JUSNL/ 2026-27 | Construction of Bathroom for Guards at Colony Campus of 132/33 kV GSS, Garhwa Road | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 9900/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **11-05-2026** at 11:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **02-06-2026** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **03-06-2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **04-06-2026** at 02:00 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ -IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non -refundable) in shape of D.D. drawn in favou r of Accounts Officer, Transmission Zone -IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/exte nd the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602.

**Sd/-**
**General Manager**

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 379366 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)D

संपादकीय

# यह तो शुभेंदु अधिकारी को चुनौती !

पश्चिम बंगाल में भारी सुरक्षा व्यवस्था के चलते विधानसभा चुनाव के दौरान भले ज्यादा हिंसा न हुई हो, लेकिन नतीजे घोषित होने के बाद वहां जिस तरह खुलेआम हत्याएं और आगजनी हो रही है, वह नई सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है कि वह बंगाल के इस 'रक्त चरित्र' को कैसे बदल पाती है। हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनियों के बीच सबसे ज्यादा चौंकाने वाली प्रदेश के संभावित मुख्यमंत्री और पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पीए की दिनदहाड़े सुनियोजित हत्या सीधे-सीधे नई सत्ता को अपराधियों की खुली चुनौती है। वहां नई सरकार अभी बनी भी नहीं है कि अपराधी बेखौफ होकर अपनी कार्रवाइयों को अंजाम दे रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ भवानीपुर चुनाव में उनके प्रभारी थे। उन्हें परसों रात नॉर्थ 24 परगना जिले के मध्यरम ग्राम में घेर कर 4 गोलियां मारी गईं। वो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या से पहले रथ स्कॉर्पियो से अपने घर की ओर जा रहे थे। इस घटना से न केवल बंगाल बल्कि सारा देश स्तब्ध रह गया है। विपक्षी तृणमूल कांग्रेस ने घटना की निंदा करते हुए न्यायाधीश की निगरानी में इस हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। हालांकि भाजपा नेताओं और मृतक की मां का आरोप है कि इस हत्या के पीछे तृणमूल कांग्रेस का ही हाथ है। भाजपा विधायक अर्जुनसिंह ने सीधे ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी पर इस हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगाया है। इस घटना को जिसने भी और जिस किसी के इशारे पर अंजाम दिया, वह एक सोची समझी साजिश का नतीजा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमले का असल मकसद स्वयं शुभेंदु अधिकारी थे, लेकिन वो गाड़ी में नहीं होने से बच गए। इस हमले में रथ का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस बीच शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हत्यारों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने इसे प्लान्ड मर्डर बताया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि भाजपा बंगाल में गुंडों की सफाई का काम शुरू करेगी। इस बीच पुलिस ने एक आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका है कि इस हत्याकांड के पीछे बांगलादेशी लोगों का भी हाथ हो सकता है। उधर पुलिस ने घटनास्थल से जिंदा कारतूस और खाली खोखे बरामद किए गए। स्कॉर्पियो का रास्ता रोकने वाली कार भी जब्त की गई। इस हत्याकांड के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ह॥ 12 पर जाम लगाया। हमलावरों के एनकाउंटर की मांग की गई। इससे घटना के करीब 1 घंटे बाद रात करीब 12.30 बजे बशीरहाट जिले में रोहित रॉय नाम के भाजपा कार्यकर्ता पर भी फायरिंग हुई। उनकी हालत गंभीर है। गौरतलब है कि राज्य में 4 मई को चुनावी नतीजों के बाद अब तक 5 लोगों की हत्या हो चुकी है। इनमें 3 भाजपा और 2 ञस्ष्ट से जुड़े थे। पूर्व वायु सैनिक रहे रथ हाल के वर्षों में शुभेंदु अधिकारी के राजनीतिक कार्यों में पृष्ठभूमि में रहने वाले प्रमुख व्यक्ति के तौर पर उभरे। उन्होंने संगठनात्मक कार्य का देखा, लॉजिस्टिक्स का प्रबंधन किया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संचार बनाए रखा। रथ भाजपा के भवानीपुर अभियान सहित कई हाई-वोल्टेज राजनीतिक लड़ाइयों के दौरान कोर टीम का भी हिस्सा थे। अटकलें भी थीं कि रथ को एक बड़ी प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। उनकी हत्या ने बंगाल में पहले से ही अस्थिर माहौल को और भड़का दिया है। बंगाल को इस खूनी चरित्र से मुक्त करना होगा।

# महिलाओं की राजनीति में भूमिका प्रतीक या निर्णायक

**महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का प्रश्न केवल प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि न्याय और समानता का प्रश्न है। यह हमारे लोकतंत्र की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। यदि हम वास्तव में एक समावेशी और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं को राजनीति में बराबरी का स्थान मिले। इसके लिए केवल नीतिगत बदलाव ही नहीं, बल्कि मानसिकता में परिवर्तन भी आवश्यक है। आज जब देश तेजी से बदल रहा है और नए-नए आयामों को छू रहा है, तब यह और भी जरूरी हो जाता है कि राजनीति भी इस बदलाव के साथ कदम मिलाकर चले। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक अनिवार्यता भी है। यदि हम इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक होगी।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**



हाल के महीनों में देश की राजनीति में एक बार फिर महिलाओं की भागीदारी का प्रश्न तेज़ी से उभरा है। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल वादों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ज़मीन पर भी उसका प्रभाव दिखाई देगा। लेकिन जैसे-जैसे विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आए, एक कड़वी सच्चाई भी उजागर हुई, राजनीतिक दलों के दावे और वास्तविकता के बीच गहरी खाई अब भी कायम है। टिकट वितरण में महिलाओं की भागीदारी सीमित रही और जीतकर आने वाली महिलाओं की संख्या तो और भी कम दिखाई दी। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या हमारे लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सचमुच प्राथमिकता है या फिर यह केवल राजनीतिक विमर्श का एक आकर्षक विषय भर बनकर रह गया है।

भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद समानता और प्रतिनिधित्व के सिद्धांत पर टिकी है। संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार दिए, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में यह समानता आज भी अधूरी है। वर्षों से यह कहा जाता रहा है कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं, इसलिए उन्हें राजनीति में भी समान भागीदारी मिलनी चाहिए। संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण की मांग भी इसी विचार से प्रेरित रही है। लेकिन जब चुनाव आते हैं, तब यही सिद्धांत अक्सर राजनीतिक समीकरणों के आगे बौना पड़ जाता है। दलों की प्राथमिकता जीतने योग्य उम्मीदवार होती है, और इस कसौटी पर महिलाएं अक्सर पीछे धकेल दी जाती हैं।

यदि हालिया विधानसभा चुनावों पर नज़र डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि लगभग सभी प्रमुख दलों ने महिलाओं को टिकट देने के मामले में अपेक्षित उदारता नहीं दिखाई। कई राज्यों में कुल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत बेहद कम रहा। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब यह देखा जाता है कि जो महिलाएं मैदान में उतरीं, उनमें से भी बहुत कम जीत हासिल कर सकीं। इसका एक कारण यह भी है कि कई बार महिलाओं को ऐसे क्षेत्रों से टिकट दिया जाता है जहां पार्टी की स्थिति पहले से कमजोर होती है, जिससे उनकी जीत की संभावना स्वतः कम हो जाती है।

राजनीतिक दलों के इस व्यवहार के पीछे कई परतें हैं। पहली परत है सामाजिक संरचना की, जहां अब भी यह धारणा गहरी जड़ें जमाए हुए है कि राजनीति पुरुषों का क्षेत्र है। महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में स्वीकार करने में समाज को समय लग रहा है। दूसरी परत है दलों के भीतर की सत्ता संरचना, जहां निर्णय लेने वाले अधिकांश लोग पुरुष हैं। ऐसे में महिलाओं को टिकट देने का निर्णय भी उन्हीं की सोच और प्राथमिकताओं से प्रभावित होता है। तीसरी परत है संसाधनों की, क्योंकि चुनाव लड़ना महंगा और संसाधन-सघन प्रक्रिया है। महिलाओं के पास अक्सर वह आर्थिक और राजनीतिक समर्थन नहीं होता जो पुरुष उम्मीदवारों को सहज उपलब्ध होता है।

हालांकि यह तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। कुछ राज्यों और कुछ दलों ने महिलाओं को अपेक्षाकृत अधिक अवसर देने की कोशिश की है। स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण ने एक नई पीढ़ी की महिला नेताओं को जन्म दिया है, जिन्होंने अपनी क्षमता और नेतृत्व कौशल से यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने यह संकेत दिया है कि यदि उन्हें मंच मिले, तो वे न केवल प्रभावी प्रतिनिधित्व कर सकती हैं, बल्कि विकास के नए आयाम भी स्थापित कर सकती हैं।

फिर भी, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में यह बदलाव धीमी गति से ही आगे बढ़ रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि यहां प्रतिस्पर्धा अधिक तीव्र है और दांव भी बड़े होते हैं। दल अक्सर जोखिम लेने से बचते हैं और परंपरागत उम्मीदवारों पर ही भरोसा जताते हैं। लेकिन यह सोच लंबे समय में लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है। जब आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता, तो नीतियों और निर्णयों में भी उनका दृष्टिकोण पूरी तरह शामिल नहीं हो पाता। इससे विकास असंतुलित हो जाता है और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दे हाशिए पर चले जाते हैं।

महिला आरक्षण विधेयक को इसी असंतुलन को दूर करने के एक बड़े कदम के रूप में देखा गया था। यह विधेयक केवल सीटों का आरक्षण नहीं, बल्कि एक मानसिक बदलाव की दिशा में प्रयास भी है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को राजनीति में प्रवेश के लिए एक न्यूनतम आधार मिले, जिससे वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। लेकिन केवल कानून बना देने से समस्या का समाधान नहीं होता। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और सामाजिक समर्थन दोनों की आवश्यकता होती है।

राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि महिलाओं को टिकट देना कोई दया या कृपा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। उन्हें अपने संगठनात्मक ढांचे में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी, ताकि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी आवाज़ शामिल हो सके। साथ ही, महिलाओं के लिए प्रशिक्षण, संसाधन और नेटवर्किंग के अवसर भी बढ़ाने होंगे, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ चुनावी मैदान में उतर सकें। समाज की भूमिका भी इस संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण है। जब तक मतदाता महिलाओं को एक सक्षम नेता के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक दल भी उन्हें प्राथमिकता देने से हिचकते रहेंगे। इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव लाएं और महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करें। मीडिया और शिक्षा प्रणाली भी इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे जनमत निर्माण के शक्तिशाली माध्यम हैं।

महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का प्रश्न केवल प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि न्याय और समानता का प्रश्न है। यह हमारे लोकतंत्र की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। यदि हम वास्तव में एक समावेशी और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं को राजनीति में बराबरी का स्थान मिले। इसके लिए केवल नीतिगत बदलाव ही नहीं, बल्कि मानसिकता में परिवर्तन भी आवश्यक है। आज जब देश तेजी से बदल रहा है और नए-नए आयामों को छू रहा है, तब यह और भी जरूरी हो जाता है कि राजनीति भी इस बदलाव के साथ कदम मिलाकर चले। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक अनिवार्यता भी है। यदि हम इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक होगी।

अध्यात्म

## जीवन में समस्याएं आती रहेंगी, उनका समाधान खोजने की आदत डालें

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक गांव में एक युवक बचपन से ही समस्याओं का सामना करते हुए बड़ा हुआ। पिता का साया बहुत पहले उठ चुका था और घर की सारी जिम्मेदारी उसके कमजोर कंधों पर आ गई थी। उसने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ काम करना शुरू किया ताकि वह अपनी मां और छोटे भाई-बहनों का पालन-पोषण कर सके। समय बीतता गया, संघर्ष भी बढ़ता गया। जब वह युवावस्था में पहुंचा, तो उसका विवाह हुआ, लेकिन इससे उसकी जिम्मेदारियां कम होने के बजाय और बढ़ गईं। जीवन में एक समस्या खत्म होती तो दूसरी सामने खड़ी हो जाती। धीरे-धीरे वह मानसिक रूप से थकने लगा। उसे लगने लगा कि शायद उसके जीवन में सुख लिखा ही नहीं है। एक दिन वह अपनी परेशानियों से तंग आकर एक संत के पास पहुंचा। उसने संत से विनती की, 'गुरुदेव, मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। मैं जीवन की समस्याओं से हार चुका हूं।' संत ने उसे शांत स्वर में उसकी परेशानी पूछी। युवक बोला, 'मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती कि दूसरी आ जाती है। मैं बहुत दुखी हूं और किसी काम में सफलता नहीं मिल रही। ' संत मुस्कुराए और बोले, 'चलो, मैं तुम्हें समाधान दिखाता हूं।' वे उसे लेकर नदी के किनारे पहुंचे। वहां जाकर संत रुक गए और बोले, 'हमें इस नदी को पार करना है।' लेकिन वे वहीं खड़े रहे। कुछ समय बीतने के बाद युवक ने पूछा, 'गुरुदेव, हम नदी पार क्यों नहीं कर रहे? ' संत ने उत्तर दिया, 'हम नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि आसानी से पार कर सकें। ' युवक चौंक गया और बोला, 'गुरुदेव, ऐसा कैसे संभव है? नदी कब सूखेगी, यह कौन जानता है? हमें तो अभी पार करना चाहिए। ' संत ने गंभीरता से कहा, 'यही तुम्हारे जीवन का उत्तर है। समस्याएं कभी खत्म नहीं होंगी। अगर तुम उनके खत्म होने का इंतजार करते रहोगे, तो कभी आगे नहीं बढ़ पाओगे। तुम्हें हर परिस्थिति में आगे बढ़ना होगा, तभी रास्ता बनेगा। ' यह सुनकर युवक की सोच बदल गई। उसने समझ लिया कि रुकना समाधान नहीं है, बल्कि आगे बढ़ते रहना ही जीवन की सच्ची जीत है।

जीवन में आने वाली बाधाएं हमें रोकने के लिए नहीं, बल्कि हमें मजबूत बनाने के लिए होती हैं। अगर हम सही सोच और निरंतर प्रयास बनाए रखें, तो हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। जीवन में कठिनाइयां आना स्वाभाविक है। उनसे बचने की कोशिश करने के बजाय उनका समाधान खोजने की आदत डालें, तभी जीवन में शांति मिल सकती है। रुक जाना सबसे बड़ी हार है। चाहे गति धीमी हो, लेकिन लगातार आगे बढ़ते रहना जरूरी है। यही सफलता की कुंजी है।

# पांच राज्यों के जनादेश का क्या है दिशा संकेत?

**ऐतिहासिक विजय के लिए प्रधानमंत्री मोदी व उनके सफल नेतृत्व को हार्दिक इन बधाइयों से 27 लाख मतदाताओं को अलग करने के लिए मैं मजबूर हूं। क्योंकि जिनके मताधिकार उच्चतम न्यायालय ने छीने उनका कोई दोष सिद्ध नहीं था। लेकिन इसके विरुद्ध उन्होंने अपने संवैधानिक मताधिकार की प्राप्ति के लिए कोई गांधीवादी जन आंदोलन नहीं किया। यदि राजनीतिक विजय को 'गंगोत्री से गंगासागर तक विस्तार' मान भी लें, तो भी मूल प्रश्न बना रहता है–कि क्या इससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी, न्यायपूर्ण और जनहितकारी बनी है?**

**राजीव खंडेलवाल**

जैसे 'पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती', उसी प्रकार हाल ही में संपन्न पांच राज्यों के चुनाव भी सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं राजनीतिक दृष्टि से एक-दूसरे से भिन्न रहे। ऐसे में सभी राज्यों के परिणामों को 'एक ही तराजू में तौलना' न तो उचित है, न ही वैज्ञानिक। पिछले लेख में प्रस्तुत मेरा आकलन पूर्णतः सही सिद्ध नहीं हुआ–इसके लिए मैं पाठकों से क्षमा प्रार्थी हूं। किंतु इन चुनावों में पिछले चुनावों की तुलना में भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत, क्षेत्रीय विस्तार और प्रभाव में वृद्धि का मेरा आकलन सही सिद्ध हुआ।

इन चुनावों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि 'एग्जिट पोल' कुछ 'संकेत' तो दे सकते हैं, परंतु पूर्णरूप 'सत्य' नहीं होते हैं। सबसे बड़ा 'उलटफेर' तमिलनाडु में हुआ, जहां सुपर स्टार 'थलपति विजय' की मात्र 2 वर्ष 2 माह पूर्व गठित नई पार्टी तमिलगा वेत्री कडगम (टीवीके) पहले ही चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर विजय नाम को सार्थक कर दिया। टीवीके का अर्थ 'तमिलों का विजय संगठन' है। आगे कांग्रेस के साथ गठबंधन की सरकार बनाने की भी पूरी संभावना है। 'सर्वे' करने वाली समस्त एजेंसियों में से सबसे अधिक व सफल परिणाम देने वाली प्रतिष्ठित एक्सिस माई इंडिया ने ही 98 से 120 सीट मिलने का अनुमान दिया था। इसके पूर्व विजय से भी बड़े प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार कमल हासन व रजनीकांत चुनावी राजनीति में असफल हो चुके हैं।

असम आंदोलन प्रणेता 'आसु' द्वारा स्थापित असम गण परिषद (अगप) ने अक्टूबर 1985 में गठन के मात्र 2 महीने के अंदर असम में सबसे तेज बहुमत से पहली बार क्षेत्रीय पार्टी की सरकार बनाकर विश्व में एक तरह का नया रिकॉर्ड बनाया था। इसके पूर्व वर्ष 1982 में आंध्र प्रदेश के फिल्मी स्टार एन टी रामाराव द्वारा नई पार्टी बनाने के बाद मात्र 9 महीने में विधानसभा चुनाव में उतर कर 294 में से 201 सीटें प्राप्त कर भारी बहुमत से जीत प्राप्त की थी। तमिलनाडु में एक नए राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरती ताकत टीवीके ने पारंपरिक राजनीति को सफल चुनौती दी।

पश्चिम बंगालः राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से पश्चिम बंगाल के परिणाम सबसे अधिक चर्चा में रहकर महत्वपूर्ण हैं। यहां मुकाबला वैचारिक, संगठनात्मक और नेतृत्व–तीनों स्तरों पर कड़ा था। भाजपा ने जहां सर्वाधिक पूरी ताकत झोंक दी, वहीं ममता बनर्जी ने भी उतनी ही पूरी शक्ति के साथ सामना किया। परंतु परिणाम पिछले चुनाव की तुलना में बिल्कुल उलट आए (207-80) जो अमूमन लगभग एग्जिट पोल के अनुसार ही आये। ममता दीदी को अपने नाम के अनुरूप ममत्व दिखाते हुए परिणाम को स्वीकार कर हार को गले लगा लेना चाहिए।

केरलः देश की सबसे अधिक पढ़ी-लिखी जनसंख्या तथा सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा देने वाला राज्य केरल में परंपरागत रूप से कांग्रेस और वामपंथ के बीच सीधा मुकाबला था। इसमें



कांग्रेसनीत यूडीएफ की विजय पार्टी के लिए भले ही 'संजीवनी बूटी' हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर पुनरुत्थान के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।इन परिणामों का स्पष्ट संदेश एक यह निकलता है, जहां कांग्रेस से भाजपा की सीधी लड़ाई है, वहां बीजेपी जीतती है। ऐसे प्रदेश असम व पुदुचेरी में कांग्रेस भाजपा को टक्कर देने की स्थिति में नहीं है। परिणाम समग्र रूप से यह भी दर्शाते हैं कि भारतीय राजनीति में 'वन साइज फिट्स ऑल' का सिद्धांत लागू नहीं होता है। इस चुनाव ने कई 'मिथकों' को तोड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजनाएं चुनावी राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं। परंतु वही फार्मूला दिल्ली में केजरीवाल के द्वारा अपनाने के बावजूद वे पिछले चुनाव में असफल रहे और अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी हार गई। मतलब साफ है, राष्ट्रीय स्तर पर कई मामले मामलों में भाजपा सरकार द्वारा वादा पूरा न कर पाने के बावजूद प्रदेश स्तर पर भाजपा के वादे पर जनता ज्यादा विश्वास कर कर उसे सत्ता पर पहुंचाती है। यह समस्त विपक्षियों के लिए चिंतन का विषय होना चाहिए।बंगाल में 2021 के चुनाव में 58 हत्याएं और 278 हिंसक घटनाओं की तुलना में शून्य मृत्यु और कुछ दर्जन छिटपुट घटनाएं होना इस बात को सिद्ध करता है कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए। लोकतंत्र में 'भयमुक्त मतदान' आवश्यक शर्त है। तथापि कुछ मूर्धन्य पत्रकारों का यह कहना कि ममता के आतंक को केंद्र के अर्ध सैनिक बलों के आतंक ने 'प्रतिस्थापित' कर दिया।यह बहस जारी है कि चुनावों में ध्रुवीकरण कितना प्रभावी रहा। योगी आदित्यनाथ की बंगाल में 35 विधानसभा क्षेत्र में हुई सभा में भाजपा को पश्यति से सफलता प्राप्त की है यह भी भगवा आंधी का एक उदाहरण है।

जीत का उन्माद, हार की निराशा।
लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि
जीत स्थायी नहीं होती,हार अंतिम नहीं होती।

जनादेश किसी एक दल की विजय भर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सामूहिक सफलता है।

विजेताओं को विनम्रता अपनानी चाहिए। पराजितों को आत्ममंथन करना चाहिए।

ऐतिहासिक विजय के लिए प्रधानमंत्री मोदी व उनके सफल नेतृत्व को हार्दिक इन बधाइयों से 27 लाख मतदाताओं को अलग करने के लिए मैं मजबूर हूं। क्योंकि जिनके मताधिकार उच्चतम न्यायालय ने छीने उनका कोई दोष सिद्ध नहीं था। लेकिन इसके विरुद्ध उन्होंने अपने संवैधानिक मताधिकार की प्राप्ति के लिए कोई गांधीवादी जन आंदोलन नहीं किया। यदि राजनीतिक विजय को 'गंगोत्री से गंगासागर तक विस्तार' मान भी लें, तो भी मूल प्रश्न बना रहता है–कि क्या इससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी, न्यायपूर्ण और जनहितकारी बनी है?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा श्रम सार्थक होगा। विरोधी सक्रिय रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**वृषभ**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। महिला अधिकारी का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। संयम से काम लेना होगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**सिंह**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी, लेकिन दांपत्य जीवन में कुछ व्यवधान आ सकता है। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। व्यावसायिक चल रहा प्रयास सफलता की ओर अग्रसर होगा। परिवार से आपेक्षित सहयोग मिलेगा।

**तुला**
बुद्धि कौशल से किया गया कार्य संपन्न होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। सामाजिक कार्यों में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन सुखमय होगा।

**वृश्चिक**
पारिवारिक महिला से तनाव मिलेगा। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु**
पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी। सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। भागदौड़ रहेगी। बुद्धि कौशल से किए गए कार्य में सफलता मिलेगी।

**मकर**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यक्ति विशेष का सहयोग मिलेगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**कुंभ**
आत्मविर्श्वास में वृद्धि होगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। जीविका के क्षेत्र में आशातीत प्रगति होगी।

**मीन**
आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। संतान या शिक्षा के कारण तनाव रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। संयम से काम लें।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र को गर्म रॉड से दागने का आरोप, मामला दर्ज

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के तरौरा फरीदपुर स्थित एक निजी स्कूल एवं हॉस्टल से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार ड्रीम लैंड इंग्लिश स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 8 वर्षीय छात्र अभिराज कुमार के साथ महिला शिक्षिका द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है. बताया जाता है कि बुधवार की देर रात करीब डेढ़ बजे महिला शिक्षिका ने बच्चे पर हार्लिक्स चोरी करने का झूठा आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई की तथा गर्म रॉड (छोलनी) से उसके चेहरे और गर्दन को दाग दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. घायल छात्र अभिराज कुमार के पिता मातीश कुमार यादव जो फतुहा के मौजीपुर के रहने वाले हैं, को घटना की जानकारी गुरुवार की शाम तब हुई जब उनका पुत्र घर पहुंचा.बच्चे की हालत देखकर परिजनों में आक्रोश फैल गया. इस संबंध में मातीश कुमार यादव ने दनियावां थाना में हॉस्टल संचालक एवं महिला शिक्षिका के खिलाफ मारपीट कर जख्मी करने का मामला दर्ज कराया है. वहीं दनियावां पुलिस ने घायल बच्चे का उपचार दनियावां पीएचसी में कराते हुए प्राथमिकी के आधार पर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।



### आरपीएस स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट के शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ निदेशक श्रीमती विभा शर्मा तथा प्राचार्य शिशिर कुमार राहुल के संयुक्त दीप-प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य द्वारा कैबिनेट सदस्यों को सेवा तथा कर्तव्य-निष्ठा की शपथ दिलाई गई।



### 2000 लीटर जावा महुआ को किया नष्ट, 150 लीटर जप्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को पिपरा थाना की पुलिस ने बाजितपुर गांव में सघन छापेमारी की, जहां दर्जन से अधिक शराब की भठ्ठीयां ध्वस्त करते हुए लगभग 2000 लीटर अर्धनिर्मित शराब एवं कई शराब भट्ठी को विनष्ट किया गया साथ ही 150 लीटर अवैध देशी शराब जब्त किया गया है। पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि लगातार बाजितपुर गांव में शराब बनाने की सूचना मिल रही थी, सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित की गई और शुक्रवार को छापेमारी की गई जहां तकरीबन दो दर्जन से अधिक चूल्हे पर शराब और जमीन के अंदर महुआ निर्मित जावा महुआ गुड़ घोल को छुपा कर रखे थे उसे नष्ट किया गया है। तकरीबन डेढ़ सौ लीटर शराब को भी जप्त की गई है हालांकि इस छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले धंधेबाज और पीने वाले भागने में सफल रहे। हालांकि जिन जिन घरों में शराब की अवैध भठ्ठी लगी हुई थी, उन सबों का नाम सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी और यह छापेमारी निरंतर चलते रहेगी।



### नदी थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में कैन बीयर बरामद

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेडियो स्टेशन के पीछे रेलवे लाइन के समीप छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कैन बियर बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मौके से कुल 203 लीटर कैन बियर, यानी करीब 407 पीस जब्त किए गए हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जेठूली निवासी भूलू राय के पुत्र नितीश कुमार तथा एक विधि-विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर 3 से 4 धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहे। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।



### 90 लीटर अवैध देशी शराब बरामद, माफिया फरार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब 90 लीटर देशी शराब बरामद किया है। हालांकि माफिया फरार होने में सफल रहे।इस मामले में अज्ञात शराब माफिया के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि गश्ती वाहन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत लहेरिया टोला के सामने गंगा नदी के किनारे छापेमारी की गई। जिसमें करीब नब्बे लीटर देशी चूलाई शराब की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध शराब माफियाओं को छापेमारी की भनक लग गई। जिससे शराब छोड़ कर फरार हो गए। अवैध रूप से इस शराब को बिक्री एवं भंडारण के लिए कहीं ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस की एंट्री हुई। थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ इस तरह की सख्ती आगे भी जारी रहेगी।



### डीपीएस पटना ईस्ट में दो दिवसीय अंतर-विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता 'चेकमेट 2026' का भव्य शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पटना ईस्ट में चेकमेट 2026 का बुद्धिमत्ता, अनुशासन और रणनीतिक उत्कृष्टता के वातावरण में आयोजन हुआ। 8 एवं 9 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख विद्यालयों के प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत एवं आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उद्घाटन समारोह में श्री अमित प्रकाश, प्रो-वाइस चेयरमैन; डॉ. राकेश अल्फ्रेड, प्राचार्य; तथा मोहम्मद अशफाक इकबाल, डिप्टी हेड ऑफ एकेडमिक्स की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने संस्था की शैक्षणिक एवं बौद्धिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्या। इस अवसर को और भी गौरवान्वित किया दिलजीत खन्ना अध्यक्ष ऑल बिहार चैस एसोशिएसन तथा पूर्व संयुक्त सचिव ऑल इंडिया चैस एसोशिएसन ने, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा धर्मेन्द्र कुमार सचिव ऑल बिहार चैस एसोशिएसन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्याथीयों के बीच धैर्य, विश्लेषणात्मक सोंच, दूरदर्शिता और मांसीक दृढ़ता विकसीत करने में शतरंज के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का संचालन मुख्य निर्णायक शशि नंद कुमार तथा उप मुख्य निर्णायक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में किया जा रहा है। आयोजन समिति के समर्पित सदस्यों ने प्रतियोगिता के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित किया।



# कृषि अनुसंधान परिसर में 'संतुलित एवं पर्यावरण-अनुकूल पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा दिनांक 08 मई, 2026 को 'सतत कृषि हेतु संतुलित एवं पर्यावरण-अनुकूल पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों के बीच संतुलित उर्वरकों के उपयोग एवं पोषक तत्व प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजीव चौरसिया, माननीय विधायक, दीघा विधानसभा क्षेत्र, पटना ने अपने संबोधन में कहा कि 'मिट्टी हमारी मां है' और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कृषि की उन्नति के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। संस्थान के निदेशक एवं कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. अनुप दास ने कहा कि कृषि में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को अपनाना वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मृदा की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण कराने का आग्रह किया ताकि पौधों को आवश्यकता अनुसार पोषक तत्वों के कुशल प्रबंधन हो सके। इससे पूर्व, डॉ. संजीव कुमार, प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग-सह-आयोजन सचिव ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उर्वरकों के उपयोग में '4आर सिद्धांत' - सही स्रोत, सही मात्रा, सही समय एवं सही स्थान - पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संतुलित एवं पर्यावरण-अनुकूल पोषक तत्व प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. बिकास दास, निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर ने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु बाजार अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. राकेश कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने सतत कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए फसलों में संतुलित उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया। वहीं डॉ. देवकरण, ने मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं लीफ कलर चार्ट के उपयोग पर बल दिया।




## राधे-कृष्ण शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 14 से

**बेउर जेल रोड स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, श्रद्धालुओं में उत्साह**

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के बेउर जेल रोड स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर में 14 मई से तीन दिवसीय 'राधे-कृष्ण सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ' का आयोजन होने जा रहा है। बेऊर साइड स्थित मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। महायज्ञ के अंतर्गत कलश यात्रा, पंचांग पूजन, अरणी मंथन, नगर भ्रमण, अखंड कीर्तन और प्राण प्रतिष्ठा जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार 14 मई, गुरुवार को कलश यात्रा, पंचांग पूजन और अरणी मंथन से महायज्ञ की शुरूआत होगी। 15 मई, शुक्रवार को अधिवास, नगर भ्रमण तथा अखंड कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा। वहीं 16 मई, शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा और पूणार्हुति संपन्न होगी। इस दौरान भजन-कीर्तन, हवन-पूजन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1981 में स्थापित बाबा भोलेनाथ मंदिर आज इलाके की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। शुरूआत में यह मंदिर एक छोटे कमरे में संचालित होता था, लेकिन वर्ष 2004 में विजेंद्र प्रसाद यादव और स्थानीय लोगों के सहयोग से इसका भव्य जीर्णोद्धार कराया गया।



## दीदारगंज में कॉलेज छात्र की गोली मारकर हत्या, इलाके में तनाव

**दीदारगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कोठिया गांव में गुरुवार की देर रात अपराधियों ने एक कॉलेज छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान राजू यादव के 19 वर्षीय पुत्र हर्ष उर्फ यश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, हर्ष रात में खाना खाकर घर पर था। इसी दौरान पड़ोस के महमदपुर गांव के चार युवकों ने उसे फोन कर बाहर बुलाया। हर्ष उनके साथ चला गया, जहां आरोपित उसे गांव के समीप एक खेत में ले गए और उसके सीने में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल हर्ष को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पता (एनएमसीएच) ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब दो घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची। परिजनों के अनुसार, जब वरीय पुलिस पदाधिकारियों को फोन कर जानकारी दी गई, तब जाकर पुलिस पहुंची। इस देरी को लेकर पुलिस के कर्तव्य पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार और फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने जांच की कमान संभाल ली है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद या पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि हत्या के कारणों का अब तक आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा गांव में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।



## नॉन अटेंडिंग पढ़ाई से बच्चों को बचाएं : आचार्य सुदर्शन जी महाराज

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ शिक्षाविद एवं आचार्य श्री सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल के संस्थापक राज ऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि अपने बच्चों को नॉन अटेंडिंग पढ़ाई से अनिवार्य रूप से बचने की आवश्यकता है। आजकल गलत प्रचार के द्वारा बच्चों को भ्रमित किया जा रहा है कि बिना रेगुलर पढ़ाई के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बन सकते हैं। आज लाखों बच्चे इन शॉर्टकट रास्तों के भ्रम में पड़कर इस मायाजाल में फंस गए हैं और अपने भविष्य को नष्ट कर रहे हैं। आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने कहा कि पढ़ाई से जीवन की प्रवृतियों, कुंठाओं और अज्ञान का नाश होता है। नियमित पढ़ाई से जीवन व्यावहारिक बनता है। इसलिए प्राचीन काल से गुरुकुल शिक्षा पद्धति हो या अंग्रेजों द्वारा चलाई गई शिक्षा पद्धति हो सभी में नियमित पढ़ाई पर बल दिया गया है। लेकिन आज शिक्षा में भी शॉर्टकट शुरू हो गया है ` फलतः ऐसी पढ़ाई से बच्चों को थोड़ी सूचना तो मिल जाती है लेकिन बच्चे विषय को अपने जीवन में उतार नहीं पाते जिससे जीवन में निराशा बढ़ती है और बच्चे अपने जीवन से हताश निराश होकर गलत कदम उठा लेते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि नियम है कि दसवीं कक्षा करने के बाद ग्यारहवीं कक्षा में बच्चों के जीवन में उनकी रुचि के अनुसार नींव रखी जाए और उन बच्चों में स्कूल में ही डॉक्टर और इंजीनियर बनने का फाउंडेशन तैयार किया जाए और +2 (बारहवीं कक्षा) के बाद किसी भी प्रतियोगिता में बच्चों को भेजा जाए। जिन बच्चों के प्लस टू की पढ़ाई स्कूलों में पूरी कर ली जाती है वही बच्चे किसी भी प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षित होकर आगे बढ़ते हैं ` उन्हीं बच्चों का फाउंडेशन भी सही रहता है। अतः अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों को नियमित कक्षाओं में पढ़ाएं ताकि उसकी पढ़ाई उसके जीवन के लिए उपयोगी हो सके।



## मदर्स डे ऑफर के साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 'गोवा सिटी' अपार्टमेंट बना आकर्षण का केंद्र

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. द्वारा सगुना मोड़, पटना में विकसित किए जा रहे 'गोवा सिटी' फुली फर्निश्ड अपार्टमेंट प्रोजेक्ट में विशेष मदर्स डे ऑफर की घोषणा की गई है। ए एवं बी ब्लॉक में निमार्णाधीन यह परियोजना रेरा से स्वीकृत है तथा परियोजना का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। कंपनी ने विश्वास जताया है कि गोवा सिटी परियोजना निर्धारित समय पर पूर्ण कर ली जाएगी। 'गोवा सिटी' परियोजना आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। यहां फुली फर्निश्ड अपार्टमेंट, लिफ्ट की सुविधा, 247 बिजली एवं पानी की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा गार्ड, पावर बैकअप, फायर सेफ्टी सिस्टम, मॉड्यूलर किचन, आकर्षक लॉबी एवं भव्य प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों के खेलने का क्षेत्र, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, कम्युनिटी हॉल तथा हरित एवं खुला वातावरण भी इस परियोजना को विशेष बनाता है। कंपनी के चेयरमैन संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि 'गोवा सिटी' का उद्देश्य पटना के नागरिकों को सुरक्षित, आधुनिक एवं किफायती आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस मदर्स डे के अवसर पर उन माताओं के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की गई है, जिन्होंने समाज और लोगों के हित में सराहनीय कार्य किए हैं।



## दिनदहाड़े हथियार के बल पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने दंपति के साथ की लाखों रुपए के आभूषण की लूट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी नेशनल हाईवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी के पास जहानाबाद से पुनपुन अपने घर लौट रहे बाइक पर सवार दंपति को दो बाइक पर तीन अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार के बल पर लाखों रुपए के आभूषण की लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में सोनाली कुमारी उम्र 22 साल पति रंजीत कुमार ग्राम रसूलपुर ने पुनपुन थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में लिखा है कि जहानाबाद से अपने पति एवं बच्चा के साथ बाईक से अपने घर रसूलपुर जा रहे थे कि करीब 10:30 बजे दिन में ग्राम पोठही के पास पहुंचे जहाँ दो बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पीछे से मेरे बाइक में धक्का मारा जिससे सभी लोग गिर गए, उसके बाद तीनों अज्ञात व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर मेरे बच्चे को पिस्तौल के बट से मारा जिससे जख्मी हो गया, इसके बाद तीनों अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरा एक सोने का चैन करीब डेढ़ भर का एवं सोने का लॉकेट (डेढ भर) एक झुमका (एक भर), एक सोने का ढोलना एवं जितिया छीन लिया(डेढ भर) और जब हमको हंगामा करने लगे तो आसपास के लोग आता देख हमारे ही बाइक का चाबी लॉक कर भाग गया, हालांकि इस दरमियान भागते हुए एक व्यक्ति का गाड़ी वहीं पर छूट गया है पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने जुटी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की जांच पड़ताल गंभीरता से की जा रही है।

## शराबी पति ने की पत्नी की पिटाई, पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक शराबी पति ने शराब के नशे में पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से की पिटाई, उसके बाद दांत से उसके हाथों में काटा और ईट पत्थर फेंका अपने बच्चों को भी मारा, मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव की है, जहां पर पीड़ित महिलाओं संगीता देवी ने अपने शराबी पति नेपाली बंद के खिलाफ मसौढ़ी थाने में पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं और आवेदन में लिखा है कि हमारे पति अक्सर शराब के नशे में आकर सभी को मारपीट करते हैं आज भी शराब पीकर सबको मारपीट किए हैं हमारे हाथ में दांत से काटा है। हमारे बच्चों को ईट पत्थर से मारा है ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया है पीड़ित के बयान पर पुलिस शराबी को गिरफ्तार करने उसके घर पर गई है।

## कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक चुने गए पूर्व प्रधान सहायक अरुण प्रसाद

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती एस यू कॉलेज, हिलसा के शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक के खाली पद पर अवकाश प्राप्त पूर्व प्रधान सहायक अरुण प्रसाद का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।इस आशय का पत्र जारी करते हुए अध्यक्ष डॉ0 राजीव नयन,उपाध्यक्ष जलेंद्र कुमार,कोषाध्यक्ष रोनित रॉय, सचिव शैलेश कुमार,पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह व कार्यकारणी सदस्य कुमार पवन ने श्री अरुण जी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इनलोगों ने बताया कि श्री अरुण काफी शांत, गंभीर, मिलनसार और दूरदर्शी सोच के धनी व्यक्तित्व हैं।वे पूर्व नालंदा जिलाध्यक्ष भी रहे और कई महासंघ के अधिवेशन में वे शिरकत कर चुके हैं। कर्मी मधुसूदन कुमार ने उन्हें अन्य लोगों के साथ पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।इसके साथ ही अवकाश प्राप्त कर्मी अवधकिशोर प्रसाद और राजेन्द्र प्रसाद यादव भी संरक्षक मंडल में शामिल किए गए हैं।इन पदाधिकारियों के मनोनयन पर स्थानीय संघ के सभी सदस्यों ने खुशी का इजहार किया और उनके अनुभव का फायदा मिलने की बात कही।उन्होंने कहा कि महासंघ के संस्थापक डॉ. ए के सेन की तैल चित्र महाविद्यालय में जल्द लाकर अगली मीटिंग से हरबार उनपर पुष्पांजलि से ही बैठक का आगाज होगा।अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार नयन, कोषाध्यक्ष व अकाउंटेंट श्री रोनित रॉय ने बताया कि डॉ सेन ने 1 दर्जन से भी संघों की आवाज बुलंद की।बंगाल के 24 परगना जिले के नदिया विधानसभा क्षेत्र में उनका जन्म हुआ था।वाद में वे अपने पिता के साथ पटना आये थे।नवमनोनीत संरक्षक मंडल के सदस्य अवकाश प्राप्त राजेन्द्र प्रसाद यादव व अवधकिशोर प्रसाद ने भी उनकी स्मृतियों को संजोने और सवारने की कोशिश को इस्तकबाल किया।



## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर मसौढ़ी में संगोष्ठीः 'मानवता और एकता' का लिया संकल्प

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'संकट में सेवा, मानवता ही धर्म' के संकल्प के साथ शुक्रवार को मसौढ़ी स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट को श्रद्धांजलि दी गई और मानव सेवा का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रेड क्रॉस प्रभारी विश्वरंजन, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामाकांत रंजन किशोर, डॉ रामजयपाल सिह,पिंटू सिंह,अग्निशमन पदाधिकारी आदी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर की। रामाकांत रंजन किशोर ने कहा, "रेड क्रॉस का सात सिद्धांत झ्र मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता झ्र हमें आपदा में भी इंसानियत का पाठ पढ़ाते हैं। हर युवा को रेड क्रॉस से जुड़कर सेवा करनी चाहिए।रेड क्रॉस प्रभारी विश्वरंजन ने कहा की रेड क्रॉस युद्ध के मैदान से निकला सेवा का आंदोलन है। हमारा मकसद है जाति-धर्म से ऊपर उठकर हर पीड़ित की मदद करना। हर साल 8 मई को रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डुनेंट के जन्मदिन पर विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। 1859 में इटली के सोलफेरिनो युद्ध में घायलों की दुर्दशा देखकर डुनेंट ने रेड क्रॉस की नींव रखी थी। आज 192 देशों में रेड क्रॉस काम कर रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित जल संचय अभियान के निदेशक जतिन जैन ने कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण को उन्होंने वर्तमान समय का सबसे महत्वपूर्ण विषय व जरूरत बताया। उन्होंने जैविक खाद एवं अन्य जैविक उत्पादों के प्रयोग से खेतों में कम जल से ही बेहतर खेती और मिट्टी की उर्वरता बढाने के संबंध बताया।कार्यक्रम में सुशील कुमार, समशेर सिंह,संतोष कुमार,विरेन्द्र सिंह, रितेश यादव, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार, प्रणव कुमार सिंह, डॉक्टर उपेंद्र कुमार, सुबोध शर्मा, धर्मवीर प्रसाद, अरविंद नारायण सिंह,, जितेंद्र कुमार, रीता शर्मा, सत्या कुमारी, पीयूष कुमार, अमृत आनन्द अन्य शामिल हुए।



## टेंपो चालक के साथ मारपीट, टेंपो के शीशे फोड़ अधमरा कर सड़क के किनारे फेंका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव से एक टेंपो चालक अपनी भाभी को लाने के लिए जमुई जा रहा था जहां पर बीच रास्ते में देवरिया के पास हाथ देकर पहले गाड़ी को रुकवाया उसके बाद ऑटो के सभी शीशे फोड़ डालें और सबों ने जान मारने की नीयत से लोहे के रॉड से मारपीट कर अधमरा करते हुए सड़क के किनारे फेंक कर चलते बने, मामला बीते 6.5।2026 की रात को है जहां इस मामले में रोहित कुमार उम्र 24 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद मीरापुर ने आठ लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए मसौढ़ी थाने में कार्रवाई की गुहार लगाई है दर्ज किए गए आवेदन में लिखा है कि हम अपने घर से टेंपो के द्वारा अपनी भाभी को लाने के लिए जमुई जा रहे थे, जहां देवरिया मोड़ के पास अचानक सड़क के किनारे हाथ देकर कुछ लोगों ने रुकवाया गाड़ी रोकते ही लोग लाठी डंडा चलाने लगे शीशे फोड़ दिए और हमें जान मारने की नीयत से मारपीट करते-करते बेहोश कर दिए और अधमरा हालत कर सड़क किनारे फेंक दिए हैं इस घटना में आठ लोग शामिल थे जिसमें विकास कुमार पिता विद्या सिंह,टुन्नु सिंह दोनों मीरापुर, अजय कुमार दीपक कुमार पिता कृष्णा सिंह कृष्ण सिंह तीनों हसनपुर गांव के इसके अलावा ह्रदय सिंह चंदन कुमार दोनों खरोज गांव के कुल आठ व्यक्तियों पर नामजद आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक की मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हेकाम गांव निवासी विनोद कुमार सिंह(50) अपने स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान एकमा-हंसराजपुर मुख्य पथ पर अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर भेजने के साथ ही ट्रक जब्त कर लिया है। जिसके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### जनता के दरबार में 38 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 38 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) मो. शिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण ने उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की। जिलाधिकारी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार से ही फोन करके मामले के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।



### एकमा में ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड के अप लाइन पर एकमा स्टेशन के पश्चिम आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि मृतक ने सफेद रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग की पैंट पहन रखी थी। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है।

### विभागीय जांच के बाद पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षक निलंबित

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सपगढ़ा, वार्ड संख्या-03 के पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षक मणिभूषण कुमार को विभागीय जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार प्रधान शिक्षक मणिभूषण कुमार के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजना एवं लेखा, पूर्वी चंपारण से कराई गई थी। जांच के उपरांत 16 अप्रैल 2026 को समर्पित प्रतिवेदन में कई कथित अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई। बताया गया है कि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय हीरापट्टी, चिरैया में प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत श्री कुमार से 22 अप्रैल 2026 को स्पष्टीकरण मांगा गया था। विभाग के अनुसार उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, ढाका का कार्यालय निर्धारित किया गया है। साथ ही नियमानुसार उन्हें जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा।

### अवैध ठेला - खोमचा को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त आशीष कुमार से मुलाकात कर मेन रोड मीना बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से लगाए जा रहे ठेला - खोमचा के कारण स्थानीय व्यवसायियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार एवं लगातार उत्पन्न हो रही अव्यवस्था के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उक्त समय में उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद की उपस्थिति रही । प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि उक्त क्षेत्र में नियमित अतिक्रमण नियंत्रण अभियान चलाकर स्थानीय व्यापारियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित व्यवसायिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए । साथ ही व्यवसायियों की सुविधा हेतु ट्रेड लाइसेंस शिविर लगाने का भी अनुरोध किया गया, ताकि अधिक से अधिक व्यापारी आसानी से नगर निगम की प्रक्रियाओं से जुड़ सकें। नगर आयुक्त आशीष कुमार और उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा ट्रेड लाइसेंस शिविर इस महीना के अंत में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर चैंबर के महासचिव आलोक कुमार, नगर निगम प्रभारी अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल उपस्थित थे । उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया ।



### बदहाल दीपउ स्वास्थ्य केंद्र, नए भवन में फिर चोरी

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के दीपउ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन में अस्पताल के संचालन से पहले ही बदहाली का शिकार होता नजर आ रहा है।अस्पताल भवन में लगातार दूसरी बार चोरी और तोड़फोड़ की घटना सामने आने से स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस स्वास्थ्य केंद्र का संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है, वहीं लगातार हो रही चोरी से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है।जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने अस्पताल भवन में घुसकर ऑक्सीजन पाइप लाइन काट दी तथा कई हिस्सों में तोड़फोड़ की। इसके अलावा सेलिंग फैन समेत अन्य जरूरी उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। परिसर में रखे कुछ सामानों के नुकसान की भी बात सामने आई है। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कोटवा थाना में लिखित आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि इससे पहले भी भवन में चोरी हुई थी, जिसके बाद सुरक्षा मजबूत करने की बात कही गई थी, लेकिन दोबारा घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि अस्पताल चालू नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है, ऊपर से लगातार चोरी की घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में स्थायी सुरक्षा गार्ड की तैनाती और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।




### शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरेंद्र राय, को शिक्षकों ने दी बधाई, शिक्षक संगठनों में खुशी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर हरेंद्र राय के निर्वाचित होने पर एकमा समेत सारण जिले के शिक्षक नेताओं और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। राजधानी पटना में हाल ही में संपन्न चुनाव में हरेंद्र राय ने 9 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। उनके निर्वाचन की घोषणा होते ही शिक्षक समुदाय में उत्साह देखा गया। सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने इसे शिक्षक हितों की जीत बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। बधाई देने वालों में सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रधान सचिव तथा एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौसपुर के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमन यादव, वरीय उपाध्यक्ष संजय राय, अजीत सिंह, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, अंचल सचिव ओम सिंह यादव, एकमा प्रखंड के शिक्षक गाजी हसन, कमल कुमार सिंह, चंद्रमणि सिंह, योगेश कुमार सिंह, आजाद तिवारी, भरत कुमार सिंह, प्रियंका द्विवेदी, सोनम मिश्रा, दिगविजय कुमार गुप्ता समेत कई अन्य शिक्षक शामिल रहे।



# सुशासन से समृद्ध बिहार : एनडीए का सम्राट युग

**डॉ संजय मयूख**

**राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख एवं बिहार विधान परिषद सदस्य, भाजपा**

बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संघर्ष और संभावनाओं का जीवंत दस्तावेज है। यह वही भूमि है, जहाँ से लोकतंत्र की पहली ध्वनि उठी, जहाँ ज्ञान की रोशनी ने नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों के माध्यम से पूरी दुनिया को दिशा प्रदान की, और जहाँ से सामाजिक न्याय की राजनीति ने आधुनिक भारत को नया मार्ग दिखाया। लेकिन इसी बिहार ने लंबे समय तक विकास की कमी, पलायन, बदहाल कानून-व्यवस्था और राजनीतिक अस्थिरता के जंगलराज का दौर भी देखा था। विगत दो दशकों में श्री नीतीश कुमार जी ने बिहार को जंगलराज से निकाल कर एक नई दिशा दी और विकास की मजबूत नींव रखी। जिसके लिए पूरा बिहार उनके सुशासन और अथक योगदान का हृदय से सम्मान करता है। इसी सुशासन के मार्ग पर बिहार को आगे ले जाने के लिए एनडीए सरकार ने सर्वसम्मति से श्री सम्राट चौधरी जी को बिहार का नया मुख्यमंत्री चुना है, साथ ही वे राज्य के पहले भारतीय जनता पार्टी से मुख्यमंत्री बने हैं। यह केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं है, बल्कि नीतीश कुमार जी द्वारा रखी गई नींव पर बिहार के नव-निर्माण और एक स्वर्णिम भविष्य की इमारत खड़ी करने का एक ऐतिहासिक कदम है। सम्राट चौधरी जी का मुख्यमंत्री पद तक का सफर उनके अथक परिश्रम, जमीनी जुड़ाव और जनता के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण की कहानी है। उन्होंने जिस प्रकार से संगठन से लेकर सत्ता तक अपनी प्रशासनिक और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया है, वह यह विश्वास दिलाता है कि बिहार में 'डबल इंजन' की सरकार अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित बिहार के अपने लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी।

**कुशल संगठनकर्ता से लेकर कुशल शासक तक का सफर**

हमारा मानना है कि किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसका संगठन और उनके कार्यकर्ता होते हैं। जब श्री सम्राट चौधरी जी को बिहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, तब उन्होंने एक स्पष्ट संकल्प लिया था पार्टी को हर बूथ, हर पंचायत और हर गांव तक पहुंचाने का जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पूरे बिहार का सघन दौरा किया। उन्होंने पार्टी के भीतर एक नई ऊर्जा का संचार किया और जमीनी कार्यकताओं को यह एहसास दिलाया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। समाज के हर वर्ग विशेषकर अति पिछड़े, वंचित और शोषित वर्गों को भाजपा की मुख्यधारा से जोड़ने में उनकी भूमिका अद्वितीय रही है। उनके नेतृत्व में भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बिहार के जन-जन की आवाज बनी। उन्होंने विपक्ष के दुष्प्रचारों का डटकर सामना किया और सड़क से लेकर सदन तक जनता के मुद्दों को पूरी आक्रामकता और प्रमाणिकता के साथ उठाया। आज यदि एनडीए बिहार में इतनी मजबूत स्थिति में है, तो इसका एक बहुत बड़ा श्रेय श्री सम्राट चौधरी जी की संगठनात्मक कुशलता और उनके रणनीतिक कौशल को जाता है।

**बिहार के विकास के लिए एक नया राजनीतिक अवसर**

एक कुशल राजनेता वही होता है जो न केवल जनता का समर्थन जुटा सके, बल्कि सत्ता में आने पर आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सके। उपमुख्यमंत्री के रूप में श्री सम्राट चौधरी जी का कार्यकाल इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि विकास के प्रति उनका विजन कितना स्पष्ट और दूरदर्शी है। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य की आर्थिक नीतियों को सुदृढ़ करने और आधारभूत संरचना के विकास पर अभूतपूर्व जोर दिया। उनका मानना रहा है कि बिना औद्योगीकरण और निवेश के बिहार के युवाओं का पलायन नहीं रुक सकता। इसलिए, उन्होंने निवेश के अनुकूल माहौल बनाने, लाल फीताशाही को कम करने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कई कड़े और पारदर्शी कदम उठाए। उन्होंने बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रहते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में जो नीतियां लागू की, उससे राज्य के विकास सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत को बिहार की धरती पर शत-प्रतिशत लागू करवाने में उन्होंने एक मजबूत सेतु का कार्य किया।

**सुशासन और सुरक्षा के रक्षकः गृहमंत्री के रूप में कानून-व्यवस्था की बहाली**

किसी भी राज्य में विकास की पहली शर्त वहां की कानून-व्यवस्था होती है। बिहार, जिसने अतीत में 'जंगलराज' का एक लंबा और अंधकारमय दौर देखा है, वहां सुरक्षा का मुद्दा हमेशा सबसे संवेदनशील रहा है। गृहमंत्री के रूप में श्री सम्राट चौधरी जी ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और कठोरता के साथ कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया, वह एक मिसाल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन का आधुनिकीकरण कर राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर एक पेशेवर बल के रूप में कार्य करने की स्वतंत्रता दी। माफियाओं, बाहुबलियों और संगठित अपराध के खिलाफ उन्होंने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई। उनके नेतृत्व में पुलिस ने अपराधियों पर जिस तरह से नकेल कसी, उससे राज्य के आम नागरिकों, व्यापारियों और महिलाओं के भीतर सुरक्षा की एक नई भावना जाग्रत हुई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि बिहार में कानून का राज स्थापित हो और कोई भी अपराधी चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यों न हो, वह कानून की पहुंच से बच न सके। उनके इस सख्त कदम का ही परिणाम है कि आज बिहार में निवेशक अपना उद्योग लगाने के लिए वापस लौट रहे हैं। एक मजबूत उपमुख्यमंत्री के साथ ही गृहमंत्री का दायित्व संभालते हुए, उन्होंने साबित कर दिया कि सुशासन केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिबद्धता है जिसे जमीन पर उतारा जा सकता है। आज जब सम्राट चौधरी बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं, तो यह पूरे बिहार के लिए एक सुखद संदेश है। उनके पास संगठन को चलाने का जमीनी अनुभव है, विकास का विजन है, और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की सख्ती है। यह तीनों गुण मिलकर उन्हें एक पूर्ण और आदर्श मुख्यमंत्री बनाते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए, मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार अब एक नई उड़ान भरने के लिए तैयार है। साथ ही बिहार में सुशासन के प्रखर और प्रबुद्ध स्तंभ एवं बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिला कर विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले नीतीश कुमार जी का भी आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमारे मुख्यमंत्री जी को प्राप्त है जो यह सुखद संदेश देता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित बिहार' की परिकल्पना साकार होकर रहेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके सशक्त नेतृत्व में बिहार न केवल अपने अतीत के गौरव को पुनः प्राप्त करेगा, बल्कि देश के सबसे विकसित और अग्रणी राज्यों की पंक्ति में गर्व से खड़ा होगा। बिहार के इस नए युग और स्वर्णिम भविष्य के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी और बिहार की महान जनता को हार्दिक शुभकामनाएं।

## रफ्तार का कहर जारीः ट्रक की टक्कर से आर्केस्ट्रा टीम के तीन सदस्यों की मौत, 9 घायल

**तीन दिन पहले भी जिले में सड़क हादसे में गई थी चार आर्केस्ट्रा कर्मियों की जान; हाईवे पर बेलगाम रफ्तार बनी चिंता का विषय**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन दिन पहले सड़क हादसे में आर्केस्ट्रा पार्टी के चार लोगों की मौत के बाद शुक्रवार को एक बार फिर दर्दनाक हादसे ने तीन जिंदगियां छीन लीं। छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर दाउदपुर थाना क्षेत्र के बनवार रेलवे ओवरब्रिज के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने आर्केस्ट्रा टीम की पिकअप वैन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल छपरा पहुंचाया गया। बताया जाता है कि पिकअप वैन में सवार सभी लोग एक आर्केस्ट्रा टीम के सदस्य थे, जो सिवान जिले के एक गांव में शादी समारोह में प्रस्तुति देने के बाद वापस खैरा लौट रहे थे। इसी दौरान बनवार रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहन में ही फंस गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भेजवाया। एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचाररत चिकित्सक डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि वहां लाए गए घायलों में छह की स्थिति गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। जहां से तीन घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं एक चार वर्षीय बच्ची को मामूली चोट आई है और वह सुरक्षित है। इस हादसे में मृतकों की पहचान भी कर ली गई है। पुलिस के अनुसार मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र मांझी और संजीत मांझी शामिल हैं, जबकि एक महिला मृतक की पहचान प्रारंभ में नहीं हो सकी थी। वहीं घायलों की पहचान पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी निवासी जया कुमारी (30), अल्पना मंडल (29), सिवान जिले के चैनपुर निवासी पिंकी कुमारी (20), सारण जिले के खैरा निवासी रघु कुमार (35), मनु राय (30), विक्की राय (20) समेत अन्य के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, कुछ घायलों को सीधे सदर अस्पताल भेजा गया है। सभी मृतक व घायल खैरा थाना क्षेत्र से संचालित जिया म्यूजिक ग्रुप से जुड़े बताए जा रहे हैं और कार्यक्रम में हिस्सा लेकर खैरा बाजार लौट रहे थे। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। घटना के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और आर्केस्ट्रा पार्टी के सदस्यों के रात भर जागने के बाद यात्रा करना भी हादसे का कारण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सारण में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते 6 मई को भगवान बाजार थाना क्षेत्र स्थित डॉ. पीएन सिंह कॉलेज के समीप भी आर्केस्ट्रा टीम की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। महज तीन दिनों के भीतर दो बड़े हादसों में सात लोगों की मौत ने प्रशासन की सड़क सुरक्षा तैयारियों पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### जाको राखे साईंया, मार सके ना कोय

**एकमा (सारण)।** शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे- 531 पर दाउदपुर थाना क्षेत्र में बनवार रेलवे ओवरब्रिज के समीप हुई भीषण सड़क हादसे में जहां तीन लोगों की जान चली गई और 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं इसी गाड़ी में सवार एक चार वर्षीय बच्ची पूरी तरह सुरक्षित बच गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए और कई यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए, लेकिन बच्ची को केवल मामूली चोट आई। उसे एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी स्थिति पूरी तरह सामान्य है। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर और घटनास्थल पर मौजूद लोगों की जुबान पर बस एक ही बात थी— "जाको राखे साईंया, मार सके ना कोय।"

## आशा कार्यकर्ता की संदिग्ध मौत से सनसनी, मायके में फंदे से लटका मिला शव



**छह वर्षीय बेटी ने सुबह दी जानकारी, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू की**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मकेर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया गांव में एक आशा कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान चकिया गांव निवासी सुरेन्द्र राम की पुत्री प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि प्रियंका कुमारी ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थीं। पति से तलाक होने के बाद वह अपनी छह वर्षीय बेटी के साथ मायके में रहकर उसका पालन-पोषण कर रही थीं। परिजनों के अनुसार गुरुवार की रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई थीं। शुक्रवार की सुबह उनकी बेटी ने नाना-नानी को बताया कि उसकी मां कोई जवाब नहीं दे रही हैं। इसके बाद परिजन कमरे में पहुंचे तो प्रियंका का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मकेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रियंका शांत स्वभाव की थीं और अपनी बेटी के पालन-पोषण में लगी रहती थीं। हालांकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने का सशक्त माध्यम है रेड क्रॉस सोसायटी : वैभव श्रीवास्तव




**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी के 148वें स्थापना दिवस एवं संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी, छपरा की ओर से सीपीएस ऑडिटोरियम में भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम 'यूनिटी इन ह्यूमैनिटी' रखी गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत सीपीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। स्टेट रिप्रेजेंटेटिव डॉ. हरेंद्र सिंह ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से संस्था से जुड़कर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। मुख्य वक्ता गंगा सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने सर हेनरी ड्यूनेंट के जीवन, उनके विचारों और रेड क्रॉस आंदोलन की स्थापना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा, त्याग और मानवता ही रेड क्रॉस की असली पहचान है। रेड क्रॉस सोसाइटी, छपरा के उपाध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम ने संस्था द्वारा पूर्व में किए गए सामाजिक और मानवीय कार्यों की जानकारी साझा की। वहीं डॉ. सुरेश सिंह ने भावी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, आपदा राहत और सामाजिक सेवा से जुड़े आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ. एस. के. पराशर ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन और समन्वय डॉ. विकाश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर संजय जी, रविन्द्र सिंह, मुरारी सिंह, महेश्वर सिंह समेत रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान व मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

**सीपीएस में मानवता की सेवा के संकल्प के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी का 148वां स्थापना दिवस**

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बीरगंज में सेवा संकल्प कार्यक्रम

**रक्सौल/बीरगंज (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल रेडक्रॉस सोसाइटी की पर्सा शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गुरुवार को बीरगंज स्थित शाखा कार्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक जां हेनरी डयुनां को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दीप प्रज्वलन एवं झंडोत्तोलन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा सभापति बृज किशोर पटेल ने की।

## 84 दिनों बाद खत्म हुई राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल, 11 मई से लौटेंगे काम पर

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले 84 दिनों से जारी राजस्व कर्मचारियों की सामूहिक हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है। पटना में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ लंबी वार्ता हुई, जिसमें कर्मचारियों की 17 सूत्री मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के बाद कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने की औपचारिक घोषणा कर दी। बैठक में विभाग की ओर से कर्मचारियों की कई प्रमुख मांगों को स्वीकार किया गया। हड़ताल के दौरान निलंबित किए गए राजस्व कर्मचारियों का निलंबन वापस लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही कर्मचारियों के स्थानांतरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु तीन जिलों में स्थानांतरण के लिए विकल्प देने को लेकर पोर्टल खोलने पर सहमति बनी, ताकि कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार विकल्प दे सकें। राजस्व कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र को देखते हुए विभाग ने क्षेत्र भ्रमण के लिए परिभ्रमण भत्ता देने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिमाह 1000 रुपये परिभ्रमण भत्ता मिलेगा। वहीं ऑनलाइन कार्य एवं इंटरनेट उपयोग पर होने वाले खर्च के लिए प्रति माह 400 रुपये देने की घोषणा की गई है। वेतनमान से संबंधित मांगों पर भी विभाग ने सकारात्मक रुख अपनाया है। राजस्व कर्मचारियों को ग्रेड वेतन लेवल-2 से बढ़ाकर लेवल-5 देने पर सहमति प्रदान की गई है। इसके अलावा अन्य लंबित मांगों पर भी विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया गया। बैठक के बाद कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल किए जाने के बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## मानवता की सेवा है रेड क्रॉस का मूल कार्य : डीएम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व रेड क्रॉस दिवस सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मोतिहारी रेड क्रॉस सोसाइटी के सभागार में जिलाधिकारी सह - प्रेसिडेंट सौरभ जोरवाल,पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात,एडीएम सह लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह कार्यकारी अध्यक्ष रेड क्रॉस मोतिहारी शैलेंद्र कुमार भारती, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश आपदा पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आगत सभी अतिथियों ने रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनारी ड्यूनेंट के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। आगत सभी अतिथियों का स्वागत बुके और पौधा देकर किया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस संस्था मानवता की मिसाल है और यह आपदा विपदा में लोगों के साथ खड़ी रहती है जब भी इस संस्था को मेरी आवश्यकता होती है मैं संस्था के साथ खड़ा रहता हूं । पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान जीवनदान होता है रक्तदान करने से हम किसी के जीवन एवं परिवार की रक्षा करते हैं साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से रक्तदान करने का अपील किया। एडीएम सह - कार्यकारी अध्यक्ष रेडक्रॉस मोतिहारी शैलेंद्र कुमार भारती ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया एवं रेड क्रॉस के उपलब्धियां को बताया उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस को सीएसआर के तहत स्टेट बैंक के द्वारा जो एंबुलेंस मिला था उसे जनहित में उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही उनके द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान के प्रति जागरूकता हेतु शिविर एवं रक्तदान हेतु शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के द्वारा रेड क्रॉस परिषद में वृक्षारोपण किया गया तथा एंबुलेंस को जनहित के लिए समर्पित किया गया । इस कार्यक्रम के अवसर पर मुखिया तान्या परवीन, टाटा मोटर्स के एमडी अमित जायसवाल, शुभम गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार, डॉक्टर सौरभ गुप्ता, रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य रवि अग्रवाल ,कौशल किशोर सिंह, सहित रेड क्रॉस के कर्मचारी रूपक वर्मा ,अमोद कुमार, रंजीत श्रीवास्तव, डॉक्टर अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे कार्यक्रम में मंच संचालन आजीवन सदस्य कौशल किशोर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन एडीएम सह कार्यकारी अध्यक्ष रेडक्रॉस मोतिहारी शैलेंद्र कुमार भारती के द्वारा किया गया।



# गोलीकांड आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सख्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना क्षेत्र के चिंतावन बिगहा गांव निवासी सुनील कुमार उर्फ अरुण पांडेय पर हुए गोलीकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो कुटुंबा थाना पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में एसटीएफ और डीआईयू की टीमें भी सक्रिय हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। हालांकि, अब तक सभी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल आरोपी पटना जिले के अमहारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं। हाल ही में कुटुंबा थाना पुलिस ने आरोपियों के घरों पर वारंट की प्रति चिपकाते हुए परिजनों को जल्द कोर्ट में आत्मसमर्पण कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि 27 अप्रैल को अंबा-नवीनगर पथ पर रसोइया गांव के समीप शादी के दिन अपराधियों ने दूल्हे के पिता सुनील कुमार को गोली मार दी थी। गोली उनके सिर की बजाय चेहरे में लगी, जिससे उनकी जान बच गई। फिलहाल वे पटना एम्स में इलाजरत हैं। इस संबंध में उनके छोटे भाई प्रमोद कुमार के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी जितेंद्र कुमार को बिहटा थाना क्षेत्र के नगर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह तिलक समारोह के दौरान रिश्तेदारों के बीच बैठकर दूल्हा और उसके पिता की तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद कर रहा था, जबकि अन्य अपराधी बाहर मौजूद थे। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि घटना में शामिल सभी साजिशकर्ताओं और शूटरों की पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ वारंट, इश्तहार और कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस को जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

# मंत्रिमंडल गठन पर जदयू कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा**। जनता दल यूनाइटेड के ओबरा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद राम की अध्यक्षता में उनके आवास परिसर में जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार मंत्रिमंडल गठन में निशांत कुमार, श्रवण कुमार और शीला मंडल को मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान पटाखे छोड़े गए और मिठाइयां बांटी गईं। बैठक में महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। प्रखंड अध्यक्ष अरविंद राम, जिला महासचिव पुष्पा देवी और जदयू कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि सड़कों का जाल बिछाने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बिजली आपूर्ति बेहतर करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने जैसे कई कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी प्रकार की दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है और लेजर ऑपरेशन जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह सभी विकास कार्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव हो सके हैं। बैठक में कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार अपने पिता के सपनों को आगे बढ़ाते हुए गांव और प्रदेश के विकास की गति को और तेज करेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नीतीश कुमार द्वारा कराए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उनके योगदान को सराहा। इस मौके पर उषा देवी, रंजू देवी, पिंकी देवी, लालमुनी देवी, सुनील पांडेय, राजकुमार, राजेंद्र साव, गुड्डू कुमार, पिंटू कुमार, सुखदेव यादव, नवल शर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समग्र विकास के लिए आवश्यक है उपस्थिति

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**।अशोक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए दानदाता संस्थापक सदस्य के रूप में विधायक डॉ.प्रकाश चन्द्र द्वारा चयनित डॉ. विश्व कान्त पाण्डेय ने विद्यालय की समीक्षा बैठक शुक्रवार को की। विधायक का विद्यालय के प्रति गंभीरता और प्रेरक सोच को ध्यान में रखा गया। ताकि विद्यालय का समग्र विकास हो और किसी तरह की अनियमितता नहीं हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय शंकर प्रसाद ने दानदाता सदस्य को विद्यालय में दी गई सुविधाओं से अवगत कराया। जीमखाना, प्रायोगिक भवन, कम्प्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा भवन इत्यादि का निरीक्षण करवाया। जिले के बेहतर मूलभूत सुविधाओं से सुशोभित विद्यालय को बच्चों की उपस्थिति का बाट जोहना पड़ रहा है। विश्व कान्त पाण्डेय ने बच्चों से बात करते हुए इस बिन्दु पर जोर दिया कि उनकी विद्यालय में उपस्थित कितनी आवश्यक है और ऐसा करना समग्र विकास के लिए स्कूल चले हम कार्यक्रम कितना जरूरी है। कहा कि विद्यालय की चहारदीवारी बहुत आवश्यक है। नहीं तो भू-माफियाओं द्वारा धीरे धीरे विद्यालय के भूमि को कब्जा कर लिया जा सकता है। बच्चों को शीतल जल मिल सके इस पर विचार किया जा रहा है। विद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या और उसके रख रखाव पर विचार भेजा जा रहा है। नगर का सबसे बड़ा खेल मैदान विद्यालय के पास उपलब्ध है। अगर प्रशासनिक सहयोग मिल जाता तो नगर को एक खुबसूरत स्टेडियम मिल जाता, इस पर भी चर्चा की गई।

## एक नजर

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**औरंगाबाद**। 9 से 14 वर्ष की छात्राओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा हेतु सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन किया गया। कार्यक्रम में आरबीएसके टीम बी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविरंजन कुमार, फार्मासिस्ट सुशील कुमार, एएनएम पूजा कुमारी, ज्योति कुमारी एवं रिंकू कुमारी की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं कोल्ड चैन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने में अश्विनी गौरव और शोभा कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों का पालन किया गया तथा एईएफआई किट एवं ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### जिले में आंधी पानी व वज्रपात का आरेंज अलर्ट

**अंबा (औरंगाबाद)**। मौसम विभाग ने औरंगाबाद समेत बिहार के सभी जिलों में आंधी, पानी और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वही 10 एवं 13 मई को औरंगाबाद में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। 11 और 12 मई को मौसम साफ रहने एवं बारिश न होने की संभावना है। इस दौरान कभी तेज धूप तो कभी बादल छाए रह सकते हैं। बताया गया है कि मौसम खराब होने पर पशुओं को खुले में एवं पेड़ के नीचे न बांधे। 14 मई तक गर्मी और हीट वेव का अलर्ट नहीं है जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। आने वाले दिनों में भी राज्य में मौसम सक्रियता में उतार चढाव संभव है। औरंगाबाद में 9 को मेघ गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है।

### युवक लापता, परिजनों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के राजाबिगहा गांव निवासी 22 वर्षीय युवक राहुल कुमार बीते 01 मई से लापता है। काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तब युवक के पिता गोरख प्रसाद सोनी ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि राहुल कुमार की उम्र लगभग 22 वर्ष है। उसका रंग गोरा तथा लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच है। लापता होने के समय वह काला टी-शर्ट एवं हाफ पैंट पहने हुए था। परिजनों ने बताया कि युवक के अचानक गायब हो जाने से पूरे परिवार में चिंता और भय का माहौल है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द युवक की खोजबीन कर सुरक्षित बरामद करने की मांग की है। वहीं, रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया की आवेदन प्राप्त हुई है, जांच में जुट गई है तथा आसपास के क्षेत्रों में युवक की तलाश की जा रही है।

### पत्नी के भरण-पोषण मामले में वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बिसरातपुर निवासी मो. सलीम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्नी के भरण-पोषण मामले में न्यायालय से उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### लोक अदालत आज, तीन बेंच करेंगी सुनवाई



**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद निष्पादन हेतु अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में तीन बेंचों का गठन किया गया है। इसमें सुलहनीय वाद का निस्तारण किया जाएगा। इस लोक अदालत में दाउदनगर अनुमण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी बैंको का भी वाद निष्पादन किया जाएगा। शुक्रवार को विकास कुमार अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा सभी बैंकों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने हेतु निर्देश दिया गया है। बैठक में अनुराग गौरव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, करिश्मा कुमारी न्यायकर्ता, अमरेश कुमार एवं चंदन कुमार न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी के साथ सभी बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)**। माली थाना की पुलिस ने बीते गुरुवार की रात विभिन्न गांव में छापेमारी कर दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंहा ने की है। उन्होंने बताया कि इसी थानाक्षेत्र के पड़डिथा गांव से भोला ठाकुर और सोरी से गोविंद शर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध लंबित अपराधिक मामले में न्यायालय से गैर जमानतीय वारंट निर्गत किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार



जब्त शराब के साथ तस्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो बाइक सवार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से बाइक भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में हरदत्ता गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से रॉयल स्टैग व्हिस्की (375 एमएल) की कुल 21 बोतलें बरामद की गईं, जिसकी कुल मात्रा 7.875 लीटर है। पुलिस ने मौके से काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुलभ कुमार (26 वर्ष), ग्राम बिलासपुर, थाना नवीनगर तथा दीपक कुमार (25 वर्ष), ग्राम वज्रवन, थाना टंडवा, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है।

## स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)** । अंबा थाना पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक काले रंग की स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उदयगंज गांव के रास्ते एक स्कॉर्पियो से शराब की ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव के मदरसा के समीप सड़क पर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो (एस-11) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब 300 एमएल की कुल 1050 बोतलें बरामद की गईं, जिसकी कुल मात्रा 315 लीटर है। इसके अलावा किंगफिशर स्ट्रांग बीयर 500 एमएल की 66 बोतलें (तीन कार्टन) भी बरामद हुईं, जिसकी कुल मात्रा 33 लीटर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त स्कॉर्पियो पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। वाहन के डैशबोर्ड से 1,15,800 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार चालक की पहचान 24 वर्षीय मिथुन कुमार, ग्राम अररुआ खुर्द, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू (झारखंड) के रूप में हुई है।

## ठाकुरबाड़ी संचालन के लिए न्यास समिति का गठन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। शहर के पाण्डेय टोली स्थित श्री राम जानकी मंदिर के रख रखाव के लिए परिवार के सदस्यों के द्वारा न्यास के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चुनाव किया गया। ग्यारह सदस्यों ने आज संस्कृत में शपथ ले कर न्यास के प्रति समर्पण और कर्तव्य निष्ठा को धारण करने का संकल्प लिया। न्यास को सुचारू रूप से चलाने के लिए दाउदनगर निबंधन कार्यालय में निबंधन किया गया। अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय ने सभी को बधाई देते हुए कर्तव्य परायण होने को प्रेरित किया। कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने जल्द ही तय बैंक में एकाउंट खोल कर ट्रस्ट के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। सचिव रवि रंजन पाण्डेय ने मंदिर के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध होने की बात कही। उपाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा भगवान के राग भोग की बात कही गई। सदस्यों में अमरेश पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, मार्कण्डेय पाण्डेय, अमित पांडेय, शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने भगवान के प्रति आस्था और न्यास के प्रति वफादार रहने का शपथ लिया।

## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो चरणों में तीन वर्ष के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 एसएलआर और ट्रेन नं. 13033/34 के 01 आरटीवीपी की पार्सल जगह की लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न ऑक्शन कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-**III** का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **(1) ऑक्शन कैटलॉग सं.**: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-5बी, **कम्पार्टमेंट** : ट्रेन नं. 13035 का एफएसएलआर-**I**, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : दिनांक 15.05.2026 को 14.00 बजे। **(2) ऑक्शन कैटलॉग सं.**: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-5सी, **कम्पार्टमेंट**: 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 02 एसएलआर और ट्रेन नं. 13033/34 का 01 आरटीवीपी, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय**: दिनांक 20.05.2026 को 14.30 बजे।

HWH-56/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Surya Kumar Sharma,** S/O Vishwanath Sharma, Near Tripolia, Pathri Ghat, Chai Tola, Patna City, Pin-800007

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

*Name of Constituency: Bye election to the Legislative council 2026

I **Surya Kumar Sharma** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 Pending | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 | रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 Pending | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | Bye election to the Legislative council 2026 | Sri Surya Kumar Sharma | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास नगर थाना नवादा कांड सं0–606 / 2015 | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | Do | Do | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 रजौली थाना कांड सं.–239 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | Do | Do | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास मुफस्सिल कांड सं. 211 / 15 | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

# लोक अदालत में ई-चालान से पीड़ित वाहन मालिकों की भी होगी सुनवाई : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला प्रशासन एवं न्यायिक व्यवस्था की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय ऋषि कांत के निर्देश पर जिले में कुल 20 बेंचों का गठन किया गया है। जहां विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुबह 10:30 बजे से सिविल कोर्ट परिसर, गांधी स्टेडियम बेगूसराय, तेघड़ा, मंझौल, बलिया, बखरी अनुमंडलीय न्यायालय तथा रेलवे कोर्ट बरौनी में किया जाएगा। लोक अदालत में सिविल वाद, आपराधिक समझौतावादी मामले, मोटर वाहन अधिनियम, वैवाहिक विवाद, श्रम कानून, बिजली विभाग, राजस्व, बैंकिंग, बीएसएनएल, भूमि अधिग्रह्णा एवं ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की सुनवाई कर निष्पादन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार अलग-अलग प्रकार के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष बेंचों का गठन किया गया है। बेगूसराय सदर न्यायालय में पारिवारिक विवाद, ट्रैफिक चालान, उपभोक्ता विवाद, ग्राम कचहरी, बैंकिंग एवं बिजली विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। वहीं अनुमंडलीय न्यायालयों में भी विशेष बेंच बनाकर मामलों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, सहायक कर्मियों, अर्डरली, पीएलवी एवं अधिकार मित्रों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सिविल कोर्ट परिसर एवं गांधी स्टेडियम में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जहां आम लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर किया गया जागरुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** कंकौल स्थित आर्ट गैलरी प्रेक्षा भवन में शुक्रवार को विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 700 लोगों की सहभागिता रही। जिनमें 50 थैलेसीमिया मरीज, 600 नर्सिंग छात्र-छात्राएं एवं स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय वस्त्र मंत्री एवं गिरिराज सिंह थे। कार्यक्रम के दौरान थैलेसीमिया विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। जिसमें डा. प्राची, डा. भाव्या, डा. निशांत, डा. मृत्युंजय, डा. ओमप्रकाश, डा. प्रभात एवं डा. प्रमोद कुमार सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से थैलेसीमिया की रोकथाम, पहचान, उपचार एवं जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त रोग है। जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन पर्याप्त मात्रा में नहीं बन पाता। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला वह प्रोटीन है। जो शरीर के विभिन्न अंगों तक अक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है। इसकी कमी होने पर शरीर में एनीमिया की समस्या उत्पन्न हो जाती है। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि यदि माता एवं पिता दोनों थैलेसीमिया माइनर हों, तो बच्चे में थैलेसीमिया मेजर होने की संभावना बढ़ जाती है। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जिले से थैलेसीमिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में जो भी सहयोग आवश्यक होगा। उसके लिए सरकार से हरसंभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान थैलेसीमिया एवं एचपीवी टीकाकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर विधान पार्षद सर्वेश सिंह, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, सिविल सर्जन, डीआईओ, सीडीओ, एनसीडीओ, डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बेगूसराय के अध्यक्ष ड ए के राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विश्वभर में मानवता, निष्पक्षता एवं सेवा का प्रतीक है रेडक्रास : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में विश्व रेड क्रास दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं भारतीय रेड क्रास सोसायटी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि, सम्मान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव सेवा, करूणा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देना तथा रेड क्रास संस्था के मानवीय कार्यो के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने रेडक्रास आंदोलन के संस्थापक हेनरी डोनांट के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर संस्थापक के मानवीय मूल्यों एवं सेवा भावना को नमन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि रेड क्रस संस्था विश्वभर में मानवता, निष्पक्षता एवं सेवा का प्रतीक है। युद्ध, प्राकृतिक आपदा, महामारी अथवा किसी भी संकट की घड़ी में रेड क्रस द्वारा जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य अत्यंत सराहनीय रहा है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार तथा मानवीय सहायता जैसे क्षेत्रों में रेड क्रास की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सिविल सर्जन ड. अशोक कुमार, रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष डा. नलिनी रंजन सिंह, रेड क्रास एक्जीक्यूटिव सदस्य डा. कांति मोहन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा रेड क्रास की सेवा भावना को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## ट्रांसफार्मर जलने से परेशानी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महेशवाड़ा पंचायत स्थित पावर हाउस के समीप लगा विद्युत ट्रांसफार्मर गुरुवार को जल जाने से पंचायत के कई वार्ड अंधेरे में डूब गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4 एवं 5 में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गयी है। बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पेयजल संकट भी गहरा गया है, क्योंकि मोटर नहीं चल पाने से पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## अंतरिक संसाधन एवं राजस्व विभाग की डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन एवं राजस्व विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा राजस्व संग्रहण की प्रगति, आंतरिक संसाधनों की स्थिति तथा विभिन्न लंबित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। साथ ही अपर समाहर्ता एवं डीसीएलआर न्यायालयों में दायर वादों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।जिला पदाधिकारी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने, लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन तथा न्यायालयों में दायर वादों के प्रभावी अनुश्रवण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर समाहर्ता बृजकिशोर चौधरी सहित सभी डीसीएलआर, अंचलाधिकारी एवं राजस्व विभाग के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कारखाने में बेहतर हो रहा निर्माण एवं मरम्मत का कार्य : पीसीएमई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर परमानंद शर्मा एकदिवसीय दौड़े पर जमालपुर कारखाना पहुंचे। कारखाना पहुंचे पीसीएमई का स्वागत मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने किया। कारखाना निरीक्षक के दौरान पीसीएमई ने वीएलसी, कैशनव बोगी, डब्ल्यूआरएस -5 शॉप में चल रहे कार्यों को बारीकी से देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को गुणवत्ता पूर्ण कार्य को करने की नसीहत दिए। वही कारखाना अपने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें इसको लेकर विशेष रूप से दिशा निर्देश सीडब्ल्यूएम के टीम को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमालपुर कारखाने के चर्चित उत्पादन जमालपुर जैक के उत्पादन के बारे में पूछताछ करते हुए शॉप का भी निरीक्षण किया। दिन भर चले निरीक्षण के बाद पीसीएमई अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण एवं मरम्मती मामले में आने वाले चुनौतियां पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि जमालपुर कारखाने में नए-नए कार्यों का सृजन हो रहा है इसलिए आने वाले दिनों में हम और भी बेहतर काम करें इसके लिए अभी से तैयार रहे और निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करने का कम करें। मौके पर डिप्टी अभ्युदय, प्रीतम कुमार, सौरभ कुमार सहित कई मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड परिसर स्थित सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों में उपप्रमुख कैलाश यादव, पारस साह, अनिता देवी, प्रेमलता देवी, सुमनलता देवी, शनिचर रजक, मुखिया मो. अहसन, आदित्य राज वर्मा, अमरजीत सहनी, अवनीश कुमार, इंद्रदेव राय, विभा देवी, कल्याणी देवी, संजू देवी, कार्यपालक अधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार, सीओ अनिल कुमार, पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मनमोहन सिंह, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी, सीडीपीओ अर्पणा कुमारी, जेई मोनू कुमार आदि शामिल हुए। बैठक में पूर्व के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल-नल योजना की गड़बड़ी में सुधार, नये उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए जमीन का एनओसी देने, पचरूखी एवं प्रतारपुर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने, राजोपुर में नवश्रृजित प्राथमिक विद्यालय खोलने, बांक-विशनपुर मोड़ कटिंग के पास सुरक्षा दिवाल बनाने, डंडारी से बांक विशनपुर चौक तक फ्लैंक में मिट्टी कार्य करने, श्रीनाथपुर कटहरी पथ का मेंटेनेंस कार्य करने, कटरमाला दुर्गा स्थान से इस्फा पुल तक छूटे सड़क का निर्माण कार्य करने, बिजली आपूर्ति में सुधार कृषि फीडर का निर्माण, वंचित लोगों का राशन कार्ड का बनाने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## सहयोग शिविर को लेकर बीडीओ ने की बैठक

### शिविर की सफलता को लेकर प्रचार प्रसार का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में 19 मई से आयोजित होने वाले विशेष सहयोग शिविर को सफल बनाने को लेकर बुधवार को कटरमाला उत्तरी के सिसौनी पंचायत भवन में बीडीओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सुमन कुमार, डीआरडीए निदेशक पूजा कुमारी, सीओ अनिल कुमार, मुखिया इंद्र देव राय, सरपंच शिवजी पासवान सहित जनप्रतिनिधि व कर्मी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में जिला प्रशासन द्वारा शिविर को लेकर जारी दिशा निर्देश पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जनता की समस्या को शिविर में प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने की रणनीति बनाई गई। बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि पंचायत में लगने वाले सहयोग विशेष शिविर में आवास पेंशन, राशनकार्ड, जॉब कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, जाति निवास, आदि क्षेत्र में जनता के साथ आने वाली समस्या का समाधान विशेष सहयोग शिविर के माध्यम से से करना है ताकि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सकेगा। कर्मियों को निर्देश दिया गया कि शिविर को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। साथ ही अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकेंगे। बैठक में साफ निर्देश दिया गया कि शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ताकि समस्या का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा सकेगा। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में सहयोग शिविर की तिथि निर्धारित कर दी गई है।जिसके तहत सहयोग शिविर 19 मई को कटरमाला उत्तरी पंचायत में, 26 को कटरमाला दक्षिणी पंचायत में, 2 जून को राजोपुर में, 9 जून को डंडारी में,16 जून को तेतरी में, 23 जून को बांक में, 30 जून को महिपाटोल में एवं 7 जुलाई को कटहरी में आयोजित होंगे। इस दौरान आम जनों की समस्याओं का सीधे अधिकारियों के द्वारा समाधान किया जाएगा।

## उद्धारक की बाट जोह रहा मणियप्पा रेड क्रास भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** देश भर में प्रतिवर्ष 8 मई को विश्व रेड क्रास दिवस मनाया जाता है। यह दिन मानवता, सेवा, करुणा और निःस्वार्थ समर्पण के प्रतीक के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। रेड क्रास के संस्थापक एवं प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी दुननंत की जयंती के अवसर पर यह दिवस उन लाखों स्वयंसेवकों, चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को समर्पित होता है। जो बिना किसी भेदभाव के मानव सेवा में लगे रहते हैं। उक्त बाते जिले के चर्चित हृदय रोग विशेषज्ञ, केडीएस हर्ट हस्पिटल के संचालक डा पंकज कुमार सिंह ने कही। डा पंकज ने कहा की इस वर्ष विश्व रेड क्रास दिवस मानवता को जीवित रखना जैसे अत्यंत संवेदनशील संदेश के साथ मनाया जा रहा है। लेकिन इसी अवसर पर मन में गर्व के साथ-साथ गहरा दुःख और पीड़ा भी है। सन 1982 में बेगूसराय के मान्यप्पा स्थित रेड क्रस अस्पताल हेतु स्वर्गीय रामचंदर सिंह द्वारा अपनी बहुमूल्य जमीन दान की गई थी। यह दान किसी व्यक्तिगत लाभ या प्रसिद्धि के लिए नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और आने वाली पीढ़ियों के जीवन को बचाने के उद्देश्य से किया गया था। स्वर्गीय रामचंदर सिंह ने यह जमीन इस सोच के साथ दान की थी कि वहां जच्चा-बच्चा अस्पताल का निर्माण होगा। जहां गरीब एवं जरूरतमंद माताओं और नवजात बच्चों का समुचित इलाज हो सकेगा। लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वहां आज तक एक पूर्ण विकसित अस्पताल का निर्माण नहीं हो पाया। जमीन दाता स्वर्गीय रामचंदर सिंह के दो छोटे पुत्र लगभग 2 से 2.5 वर्ष की अल्पायु में ही इस दुनिया को छोड़ गए थे। यह घटना भारत की आजादी से पहले की है। जब ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का घोर अभाव था और बाल मृत्यु दर अत्यधिक हुआ करती थी। उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उन्होंने अपने बच्चों को खो दिया। इसलिए जब उनके समक्ष यह प्रस्ताव आया कि जिले में मातृ एवं शिशु अस्पताल बनाने हेतु जमीन की आवश्यकता है। तब उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी मेहनत से अर्जित भूमि दान कर दी। विडंबना यह है कि जिस भूमि पर आधुनिक जच्चा-बच्चा अस्पताल बनना चाहिए था। वहां केवल एक छोटा-सा भवन बनाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, अस्पताल परिसर की खाली जमीन पर खेती तक कराई जाती रही और फसल काटकर निजी उपयोग में ले जाई जाती थी। आज स्वर्गीय रामचंदर सिंह और उनकी धर्मपत्नी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करते होंगे। विश्व रेड क्रास दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं रेड क्रास संस्था से यह विनम्र किंतु दृढ़ आग्रह है कि अब और विलंब न किया जाए। जिलाधिकारी जो रेड क्रस संस्था के अध्यक्ष होते हैं। उपाध्यक्ष तथा सचिव से निवेदन है कि इस ऐतिहासिक एवं पुण्य भूमि पर शीघ्र एक आधुनिक जच्चा-बच्चा अस्पताल का निर्माण कराया जाए।यह केवल एक भवन का निर्माण नहीं होगा, बल्कि यह उस महान त्याग, मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सम्मान होगा, जिसकी मिसाल स्वर्गीय रामचंदर सिंह ने प्रस्तुत की थी।

## नाली के अभाव में सड़क पर बह रहा पानी, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटोरिया (बांका)।** नगर पंचायत अन्तर्गत वार्ड नम्बर 15 मोहली गली में मचनमा घोरमारा मार्ग पर नाली न होने से समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क पर पानी बह रहा और पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है।गांववासी इवलाक ,सुफाद ओर जुबैदा खातुन ने बताया कि सड़क के किनारे नाली न बनने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है।लोंगों को किचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इवलाक अंसारी के अनुसार इस समस्या की सूचना चैयरमैन, उपचैयरमैन, वार्ड पार्सद मासुक अंसारी को भी दी गई है लेकिन अभी तक चैयरमैन के द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। सड़क पर कीचड़ जमा होने से स्थानीय निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण का कहना है कि नाली निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। उचित जल निकासी व्यवस्था के अभाव में बारिश के मौसम में यह समस्या और भी अधिक हो जाती है। ग्रामीण प्रशासन से जल्द समाधान की मांग कर रहे है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी आक्रोश भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो जनप्रतिनिधि और न ही अफसर का इस समस्या की ओर ध्यान है। बोले स्थानीय ग्रामीण सड़क के दोनो ओर नालियां नही बनाए जाने के कारण घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नही हो पा रही है। मजबूरी में सड़क पर ही घरों का गंदा पानी गिराना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोंग चैयरमैन, उपचैयरमैन,वार्ड पार्सद को झोले भर के वोट दिये नतीजन कहने पर सिर्फ टाल मटोल के सिवा कुछ नही मिलता है।ग्रामीणों का कहना है जल्द ही नाल नही बनाया गया तो हम सभी ग्रामवासी गोलवंद होकर नगर पंचायत कार्यालय कटोरिया में भी प्रदर्सन करने को मजबूर होगें। इस मौके पर इवलाक अंसारी, ताहिर अंसारी, तय्यव अंसारी, सलीम अंसारी, नियामत अंसारी, सियासत अंसारी, जुम्मन अंसारी, सुफाद अंसारी, बहादुर अंसारी, जाफिर अंसारी, कादिर अंसारी, ताविर अंसारी, जुबैदा खातुन, जमिला खातुन, साजिया खातुन, मसीना खातुन, जासमा खातुन, रिंकी खातुन, साना खातुन, सफिरा खातुन, जकिरन खातुन, सनुजा खातुन, मुनैरा खातुन, अजमेरी खातुन आदि मौजूद थे।

## हिमालया बेबीकेयर ने मदर्स डे पर लॉन्च किया भावपूर्ण डीवीसी

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर ने मदर्स डे के अवसर पर एक भावपूर्ण डिजिटल वीडियो कमर्शियल (डीवीसी) लॉन्च किया है। यह कैंपेन शिशु के 'पहले अनुभवों' और मां के साथ उसके भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है। सदाबहार लोरी चंदा है तू की पृष्ठभूमि में तैयार इस फिल्म में मां और बच्चे के रोजमर्रा के खास पलों को दिखाया गया है। फिल्म में शिशु की पहली मालिश, खेलने के पल और स्कूल के पहले दिन जैसे अनुभवों के जरिए मां की भावनात्मक यात्रा को उभारा गया है। हिमालय वेलनेस कंपनी के निदेशक बेबीकेयर, चक्रवर्ती एन.वी. ने कहा कि यह कैंपेन मातृत्व के उन छोटे-छोटे पलों का जश्न है, जो मां और बच्चे के रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं।

## स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में शुक्रवार को स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड स्वच्छता समन्वयक विमलेन्दु कुमार ने की। बैठक में पंचायतवार स्वच्छता कार्यो की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश जारी किये गये। बैठक में सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को खराब पड़े ठेला रिक्शा एवं ई-रिक्शा की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। इसके लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त एसओपी संबंधी पत्र पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिवों को उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो। अधिकारियों ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी दो दिनों के भीतर प्रत्येक पंचायत के सभी वार्डो में नियमित सफाई कार्य शुरू होना चाहिए। यदि किसी वार्ड में स्वच्छता कार्य बंद पाया गया तो संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। वहीं स्वच्छता कार्य में रुचि नहीं लेने वाले मुखिया पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में सभी पंचायत सचिव एवं मुखिया को दो दिनों के भीतर स्वच्छता कर्मियों के लंबित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में कन्हैया कुमार, मुकुंद कुमार, अशोक कुमार, इन्दु कुमारी, रूपेश कुमार, बीरबल कुमार, रेखा कुमारी, कार्यपालक सहायक सुनील कुमार सहित अन्य स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## रेल हड़ताल में शहीद कर्मचारियों को किया गया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** इस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन जमालपुर ओपन लाइन शाखा द्वारा लोको शेड में 1974 के रेल हड़ताल में शहीद हुए वीर कर्मचारियों का 52 वां शहादत दिवस गेट मीटिंग के माध्यम से मनाया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता शाखा उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं नेतृत्व शाखा सचिव केडी यादव ने किया। सचिव ने कहा कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन के आवाहन पर स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस एवं जेपी चौबे के नेतृत्व में 1974 में आज ही के दिन पूरे भारतवर्ष रेल हड़ताल किया गया था। उस हड़ताल में 50000 से अधिक रेल कर्मी हिरासत में लिए गए थे। 10300 से अधिक रेल कर्मी को निलंबित कर दिया गया था। जिसमें 5600 से अधिक रेल कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया था एवं इस हड़ताल में चार रेलकर्मी शहीद हो गए थे। इस हड़ताल के मांगों में रेल कर्मचारियों को बोनस दिलाना, वेतन एवं अलाउंस में सुधार करना,वार्षिक वेतन में वृद्धि करना, सेवा नियम लागू करना, तकनीकी एवं गैर तकनीकी कर्मचारियों को उच्च पदों में अपग्रेडेशन की मांग थी। इस अवसर पर संयुक्त शाखा सचिव शिवदयाल मंडल, नीतू देवी, सुबोध रंजन, नागेश्वर मरांडी, सुबोध कुमार, अजय ठाकुर, कुमकुम देवी, विजय कुमार, गावस्कर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## संगठन विस्तार को लेकर भाजपा नगर कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जुवली वेल समीप जमालपुर नगर पूर्वी मंडल के पदाधिकारियों की आवश्यक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जमालपुर नगर पूर्वी मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने किया। संगठन विस्तार एवं प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह में शक्ति केन्द्र स्तर की बैठक की कार्य योजना तैयार की गई। एवं साथ ही साथ केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा जनहित में योजना लागू की गई है।इन योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष राजीव कुमार, मिलन तांती, संतोष कुमार, रवि मोदी, रवि पासवान, नवल-किशोर शर्मा, मदन साह आदि उपस्थित थे।

## पीजी सेमेस्टर वन की परीक्षा शुरू

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय में शुक्रवार से पीजी सेमेस्टर वन की परीक्षा शुरू हुई। प्रथम एवं द्वितीय पाली में चले इस परीक्षा में 237 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। 13 मई तक चलने इस परीक्षा व्यवस्थित बनाने को लेकर सीएस प्रोफ़ेसर देवराज सुमन ने परीक्षा नियंत्रक डा. कलाल बाखला को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राचार्य ने कहा कि जेआरएस कॉलेज किसी भी परीक्षा को व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने में हर तरीके से सक्षम रहता है।

# 17.95 लाख नकद, लैपटॉप व फर्जी आधार कार्ड के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** जिले के महलगांव थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के खिलाफ अररिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर महलगांव थाना अंतर्गत पेचैली गांव में छापेमारी कर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान गिरोह का मास्टरमाइंड मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि कुमार, ब्रजानंद कुमार और करण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके ठिकाने से करीब 17 लाख 95 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने 2 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, फिंगरप्रिंट डिवाइस, ओटीजी, यूएसबी डिवाइस, बैंक पासबुक, चेकबुक तथा भारी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड भी जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह फर्जी आधार कार्ड और बायोमेट्रिक तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों के बैंक खातों से अवैध निकासी करता था। पुलिस के अनुसार गिरोह लंबे समय से साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस मामले में साइबर थाना अररिया में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार मास्टरमाइंड और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। अररिया पुलिस की इस कार्रवाई के बाद साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

## एक किलो स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**अररिया।** नशा और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ताराबाड़ी थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 1028 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसपी जितेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में नशा कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह ताराबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित अररिया-कुर्साकाटा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से लगभग 1028 ग्राम स्मैक और एक ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान मो. फिरोज अंसारी (28 वर्ष), पिता मो. सलीम अंसारी, निवासी वार्ड संख्या-11, थाना बरदाहा, जिला अररिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ताराबाड़ी थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(द)/21(द) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। एसपी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बरदाहा थाना और सिकटी थाना में एनडीपीएस एवं मद्यनिषेध अधिनियम से जुड़े मामले पहले से दर्ज हैं।

# टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना मातृ दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल विद्यालय में मातृ दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर प्रेम, सम्मान और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित करने से हुई। बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में मधुर गीत प्रस्तुत किए तथा भावपूर्ण शब्दों के माध्यम से माँ की महिमा, त्याग और महत्व को सुंदर ढंग से व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भाषण, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम एवं कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर विद्यालय में माताओं के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें सर्वश्रेष्ठ परिधान, सर्वश्रेष्ठ देखभाल करने वाली माता, लोरी गायन, कहानी वाचन एवं मिमिक्री प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में उर्वी की माता वीणा देवी, रियांश रंजन की माता प्रीती माथुर, अदिति किशन की माता निशा रानी तथा माधवी की माता प्रियंका कुमारी को सर्वश्रेष्ठ देखभाल करने वाली माता के रूप में सम्मानित किया गया। आयुष्मान, अविशाल एवं अभ्यांश को लोरी गायन के लिए सम्मानित किया गया, जबकि शौर्य की माता रूपम रानी को गीत प्रस्तुति तथा त्रिशा सोनी की माता कुसुम कुमारी को मिमिक्री के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त काव्या श्री, रिद्धिमा, आरव अभि, आराध्या, अदिति किशन, आयुष्मान परमार, अनन्या पटेल, युवराज, आर्यन राज, सदफ नाज़ एवं आराध्या सहित कई बच्चों ने अपनी माताओं पर सुंदर भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए। सार्थक, छाया, आराध्या कुमारी, अंशुली, वैष्णवी, लक्ष्मी कुमारी एवं रीती श्री सहित कई बच्चों ने अपनी माताओं के लिए आकर्षक एवं भावनात्मक कार्ड भी तैयार किए। विद्यालय के निदेशक लायन राजीव भार्गव एवं प्राचार्या लायन शिवानी भार्गव ने विजेता माताओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

# 'सबका सम्मान जीवन आसान' के तहत हुई 70 लोगों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में सात निश्चय 3 से बढ़ेगा अपना बिहार के अंतर्गत 'सबका सम्मान- जीवन आसान' कार्यक्रम के दौरान आज जिलाधिकारी ने करीब 70 आम जनों के आवेदनों पर सुनवाई की। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने लंबित पेंशन, जमीन विवाद और अन्य संबंधित मामलों के समाधान के लिए करीब 70 लोगों के आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, कुंदन कुमार सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इधर सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, अंचल एवं थानों में एवं अन्य सभी अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालय में सबका सम्मान- जीवन आसान के तहत अपने विभाग से संबंधित विषय पर आम जनों के शिकायतों की सुनवाई की। इस मौके पर आम जनों के शिकायतों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें प्राप्ति रसीद दी गई।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया महावीर कैंसर संस्थान में डायलिसिस मशीन का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा महावीर कैंसर संस्थान, पटना में अत्याधुनिक डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया। इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह डायलिसिस मशीन आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। विशिष्ट अतिथि पीडीजी डॉ. एल बी सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रोटरी क्लब इसी उद्देश्य के साथ समाज के बीच कार्य कर रहा है। वहीं क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बंका ने कहा कि संस्था आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में इसी तरह के जनहितकारी कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर क्लब की सचिव अनुराधा सरार्फ, कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद डालमिया, संयोजक मुक्ता अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष आशीष बंका, चिंतन जैन, सोनल जैन, सदस्य पवन अग्रवाल, निहित डालमिया, दीपा डालमिया, मयूर पोद्दार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चिकित्सकों एवं सदस्यों ने रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के इस योगदान की सराहना करते हुए इसे मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।


बिहार सरकार

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या
समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम 30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

प्रपत्र–VII

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद अन्तर्गत जलवाहा निर्माण हेतु देव अंचल के मौजा– जम्हरिया, थाना नं0– 927 एवं मदनपुर अंचल के मौजा–जलवन, थाना नं0–836, बनिया, थाना नं0–834, झिकटिया, थाना नं0–838, मनिका, थाना नं0–982, बनोखर, थाना नं0–903 में कुल– 5.1480 एकड़ यानि 2.08337 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड, जो मानक माप से कमोवेश 5.1480 एकड़ यानि 2.08337 हे0 है और जो देव अंचल के मौजा– जम्हरिया, थाना नं0– 927 एवं मदनपुर अंचल के मौजा–जलवन, थाना नं0–836, बनिया, थाना नं0–834, झिकटिया, थाना नं0–838, मनिका, थाना नं0–982, बनोखर, थाना नं0–903 जिला–औरंगाबाद में है, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षे0 (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | | | | मौजा–जम्हरिया, थाना सं0– 927 | | | | |
| 1 | 14 | 339 | रैयती | धनहर | 0.220 | चंदन कुमार वो कुन्दन कुमार पिता–स्व0 संजय सिंह वो मृत्युजंय कुमार सिंह वो अरून्जय कुमार सिंह वो धंनजय सिंह पिता–स्व0 रामप्रवेश सिंह वो संगिता देवी पति–स्व0 प्रविण सिंह सा0–बेढ़नी | नीज खेसरा | 340 | 742 | 334 |
| 2 | 49 | 334 | रैयती | धनहर | 0.020 | चंदन कुमार वो कुन्दन कुमार पिता–स्व0 संजय सिंह वो मृत्युजंय कुमार सिंह वो अरून्जय कुमार सिंह वो धंनजय सिंह पिता–स्व0 रामप्रवेश सिंह वो संगिता देवी पति–स्व0 प्रविण सिंह सा0–बेढ़नी | नीज खेसरा | 331 | 339 | 333 |
| 3 | 48 | 333 | रैयती | धनहर | 0.020 | चंदन कुमार वो कुन्दन कुमार पिता–स्व0 संजय सिंह वो मृत्युजंय कुमार सिंह वो अरून्जय कुमार सिंह वो धंनजय सिंह पिता–स्व0 रामप्रवेश सिंह वो संगिता देवी पति–स्व0 प्रविण सिंह सा0–बेढ़नी | नीज खेसरा | 331 | 334 | 332 |
| 4 | 28 | 332 | रैयती | धनहर | 0.020 | चंदन कुमार वो कुन्दन कुमार पिता–स्व0 संजय सिंह वो मृत्युजंय कुमार सिंह वो अरून्जय कुमार सिंह वो धंनजय सिंह पिता–स्व0 रामप्रवेश सिंह वो संगिता देवी पति–स्व0 प्रविण सिंह सा0–बेढ़नी | नीज खेसरा | 331 | 333 | 328 |
| 5 | 81 | 328 | रैयती | धनहर | 0.040 | चंदन कुमार वो कुन्दन कुमार पिता–स्व0 संजय सिंह वो मृत्युजंय कुमार सिंह वो अरून्जय कुमार सिंह वो धंनजय सिंह पिता–स्व0 रामप्रवेश सिंह वो संगिता देवी पति–स्व0 प्रविण सिंह सा0–बेढ़नी | नीज खेसरा | 330 | 332 | 322 |
| 6 | 81 | 328 | रैयती | धनहर | 0.030 | मथुरा सिंह वो उपेन्द्र सिंह पिता–स्व0 लखन सिंह। | नीज खेसरा | 328 | 328 | 328 |
| | | | | योगः– | 0.350 | | | | | |
| | | | | | | मौजा–जलवन, थाना सं0– 836 | | | | |
| 7 | 3 | 331 | रैयती | धनहर | 0.010 | राजबलम सिंह वगै0, पिता– अलखदेव सिंह | 804 | 330 | नीज खेसरा | 75 |
| 8 | 24 | 332 | रैयती | धनहर | 0.015 | कृष्णा सिंह, पिता– रामदेनी सिंह | 76 | 81 | 75 | नीज खेसरा |
| 9 | 24 | 76 | रैयती | धनहर | 0.015 | राजबलम सिंह वगै0, पिता– अलखदेव सिंह | 294 | 332 | 75 | नीज खेसरा |
| 10 | 8 | 304 | रैयती | धनहर | 0.030 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह | 43 | 331 | नीज खेसरा | 75 |
| 11 | 48 | 294 | रैयती | धनहर | 0.010 | प्रदीप सिंह पिता– स्व0 बैजनाथ सिंह | 293 | 76 | 75 | नीज खेसरा |
| 12 | 43 | 293 | रैयती | धनहर | 0.010 | रामप्रवेश साव, पिता– स्व0 मुंगेश्वर साव | 288 | 294 | 75 | नीज खेसरा |
| 13 | 8 | 43 | रैयती | धनहर | 0.035 | राजबलम सिंह वगै0, पिता– अलखदेव सिंह | 287 | 304 | नीज खेसरा | 75 |
| 14 | 46 | 288 | रैयती | धनहर | 0.020 | राजबलम सिंह वगै0, पिता– अलखदेव सिंह | 287 | 293 | 75 | 289 |
| 15 | 43 | 287 | रैयती | धनहर | 0.010 | राजबलम सिंह वगै0, पिता– अलखदेव सिंह | नीज खेसरा | 288 | नीज खेसरा | नीज खेसरा |
| 16 | 10 | 72 | रैयती | धनहर | 0.030 | कृष्णा साव वगै0 पिता– स्व0 चलीतर साव | 329 | 71 | 327 | 75 |
| 17 | 14 | 329 | रैयती | धनहर | 0.025 | धर्मेन्द यादव वगै0, पिता– सुभाष यादव | 73 | 72 | 327 | 75 |
| 18 | 38 | 190 | रैयती | धनहर | 0.045 | सरस्वती कुंवर, पति– स्व0 बिगन साव | 230 | 192 | 75 | नीज खेसरा |
| 19 | 14 | 230 | रैयती | धनहर | 0.020 | धर्मेन्द यादव वगै0, पिता– सुभाष यादव | 82 | 190 | 75 | नीज खेसरा |
| 20 | 27 | 73 | रैयती | धनहर | 0.035 | कुलदीप साव वगै0, पिता– स्व0 भिखर साव | 330 | 329 | नीज खेसरा | 75 |
| 21 | 29 | 82 | रैयती | धनहर | 0.0066 | रामस्वरूप साव, पिता– नरसिंह यादव | 81 | 230 | 75 | नीज खेसरा |
| | | | | | 0.0066 | राम गोविन्द यादव, पिता– रामचन्द्र यादव | | | | |
| | | | | | 0.0066 | विनोद यादव, पिता– रामचन्द्र यादव | | | | |
| 22 | 32 | 81 | रैयती | धनहर | 0.015 | रंजू देवी, पिता– जनार्धन सिंह | 332 | 82 | 75 | नीज खेसरा |
| 23 | 8 | 330 | रैयती | धनहर | 0.010 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह | 331 | 73 | नीज खेसरा | 75 |
| 24 | 42 | 319 | रैयती | धनहर | 0.130 | सुरेन्द्र सिंह वगै0, पिता– रामदेनी सिंह | नीज खेसरा | रास्ता | 66 | 69 |
| 25 | 8 | 69 | रैयती | धनहर | 0.015 | रामगोविन्द यादव वो इन्द्रदेव यादव, पिता– रामचन्द्र यादव | नीज खेसरा | 208 | 319 | 328 |
| 26 | 13 | 328 | रैयती | धनहर | 0.180 | कृष्णा सिंह, पिता– रामदेनी सिंह | नीज खेसरा | 208 | 69 | 75 |
| 27 | 30 | 192 | रैयती | धनहर | 0.085 | रंजन प्रसाद पिता– रामदेनी सिंह | 190 | 208 | 75 | नीज खेसरा |
| | | | | | 0.080 | सरस्वती देवी, पति– स्व0 बिगन साव | | | | |
| | | | | | 0.030 | कृष्णा साव पिता– चलीतर साव | | | | |
| 28 | 18 | 70 | रैयती | धनहर | 0.015 | रामप्रवेश गुप्ता, पिता– स्व0 लखन साव | 72 | 328 | नीज खेसरा | 75 |
| 29 | 18 | 71 | रैयती | धनहर | 0.015 | अशोक प्रसाद वगै0, पिता– विसुनपत साव | 72 | 70 | नीज खेसरा | 75 |
| | | | | योगः– | 0.9048 | | | | | |
| | | | | | | मौजा–बनिया, थाना सं0– 834 | | | | |
| 30 | 50 | 46 | रैयती | धनहर | 0.560 | कैलाश यादव, पिता– स्व0 वृजलाल यादव, ग्राम– शिवा बिगहा | [illegible] | 45 | नीज खेसरा | पईन |
| 31 | 50 | 44 | रैयती | भीठ | 0.380 | 1. इन्द्रदेव यादव, घुरा यादव, भोला यादव, पिता– स्व0 रामरूप यादव, 2. रामशीष प्रजापत वगैरह, पिता– स्व0 चलितर प्रजापत ग्राम– शिवा बिगहा | 45 | 43 | नीज खेसरा | 33 |
| 32 | 261 | 1671 | रैयती | धनहर | 0.200 | मो0 महमुद असगर अंसारी, पिता– स्व0 मो0 असगर, ग्राम– नगमतीया | 1670 | [illegible] | नीज खेसरा | 1668 |
| | | | | योगः– | 1.140 | | | | | |
| | | | | | | मौजा–झिकटिया, थाना सं0– 838 | | | | |
| 33 | 5 | 152 | रैयती | भीठ | 0.020 | राजेन्द्र चौधरी, पिता– स्व0 द्वारिका चौधरी, ग्राम– झिकटीया | 151 | 161 | 162 | नीज खेसरा |
| 34 | 14 | 206 | रैयती | धनहर | 0.040 | मनोज लाल वो शेखर लाल, पिता– स्व0 विजय शंकर प्रसाद, ग्राम– झिकटीया | नीज खेसरा | 207 | 204 | 208 |
| 35 | 85 | 211 | रैयती | धनहर | 0.085 | गोरा राम, पिता– स्व0 सत्यनारायण राम, ग्राम– विशुनगंज | 208 | नीज खेसरा | नीज खेसरा | 209 |
| 36 | 12 | 147 | रैयती | भीठ | 0.200 | लक्ष्मण वो महन्त चौधरी, पिता– स्व0 सहदेव चौधरी, ग्राम– झिकटीया | 35 | 148 | 35 | नीज खेसरा |
| 37 | 12 | 193 | रैयती | भीठ | 0.035 | लक्ष्मण चौधरी, पिता– स्व0 सहदेव चौधरी, ग्राम– झिकटीया | 195 | 194 | 195 | नीज खेसरा |
| 38 | 19 | 148 | रैयती | भीठ | 0.280 | दरोगा यादव, पिता– स्व0 रामदास यादव ग्राम– झिकटीया | 147 | 191 | 35 | नीज खेसरा |
| 39 | 24 | 151 | रैयती | धनहर | 0.020 | सोहर यादव, पिता– स्व0 मथुरा यादव, ग्राम– झिकटीया | 148 | 152 | 162 | नीज खेसरा |
| 40 | 14 | 197 | रैयती | परती | 0.140 | मनोज लाल वो शेखर लाल, पिता– स्व0 विजय शंकर प्रसाद, ग्राम– झिकटीया | 196 | 201 | 35 | नीज खेसरा |
| 41 | 15 | 163 | रैयती | भीठ | 0.020 | पारस लाल, पिता– स्व0 ललन लाल वो अरूण लाल, पिता– स्व0 अयोध्या लाल, ग्राम– झिकटीया | 161 | 168 | 162 | नीज खेसरा |
| 42 | 11/2 | 168 | रैयती | भीठ | 0.120 | छतीस लाल, पिता– स्व0 मोहन लाल, ग्राम– झिकटीया वो नागेश्वर सिंह, ग्राम– घटराईन | 162 | 195 | 35 | नीज खेसरा |
| 43 | 9 | 194 | रैयती | भीठ | 0.010 | गुप्तेश्वर लाल, पिता– स्व0 मोहन लाल, ग्राम– झिकटीया | 193 | 196 | 195 | नीज खेसरा |
| 44 | 21 | 195 | रैयती | भीठ | 0.550 | हरि चौधरी, पिता– स्व0 लोहड़ी चौधरी वो दरोगा यादव, पिता– स्व0 रामस्वरूप यादव वो जीतु लाल, पिता– स्व0 रघुवीर प्रसाद | 168 | 196 | 35 | नीज खेसरा |
| 45 | 21/17 | 196 | रैयती | पईन | 0.260 | विनोद लाल, पिता– स्व0 केशो प्रसाद, ग्राम– विशुनगंज, सोहर यादव, कुलदीप यादव, लक्ष्मण यादव, पिता– स्व0 मथुरा यादव, ग्राम– झिकटीया | 195 | 197 | 35 | नीज खेसरा |
| | | | | योगः– | 1.780 | | | | | |
| | | | | | | मौजा–मनिका, थाना सं0– 982 | | | | |
| 46 | 148 | 223 | रैयती | धनहर | 0.025 | अनिल कु0 सिंह, पिता– रघुनंदन सिंह | 222 | 229 | नीज खेसरा | नाला |
| 47 | 125 | 221 | रैयती | धनहर | 0.020 | सुरेश प्रसाद, पिता– मुन्द्रिका साव | 231 | 232 | नीज खेसरा | सडक |
| 48 | 139 | 413 | रैयती | धनहर | 0.110 | मिथिलेश सिंह वगैरह, पिता– स्व0 रामू सिंह | 415 | नीज खेसरा | 412 | नाला |
| 49 | 92 | 416 | रैयती | धनहर | 0.070 | शम्भु सोनार वो लालजी सोनार, पिता– स्व0 गुप्तेश्वर सोनार वो स्व0 महाबीर सोनार, | 417 | 415 | नीज खेसरा | नाला |
| 50 | 122 | 417 | रैयती | धनहर | 0.010 | प्रेमनन्दन सिंह, पिता– स्व0 नारायण सिंह, | 418 | 416 | नीज खेसरा | नाला |
| 51 | 122 | 409 | रैयती | धनहर | 0.025 | मिथलेश वो प्रमोद सिंह, पिता– स्व0 रामू सिंह वो स्व0 अलखदेव सिंह, | 407 | 410 | नीज खेसरा | 411 |
| 52 | 79 | 408 | रैयती | धनहर | 0.025 | ललन किशोर आरोही | 409 | 410 | नीज खेसरा | नाला |
| 53 | 79 | 407 | रैयती | भीठ | 0.030 | बसंत वीर विक्रम,अजीत कुमार, पिता– स्व0 रामचंद्र सिंह | 406 | 408 | नीज खेसरा | नाला |
| 54 | 70 | 406 | रैयती | धनहर | 0.030 | शम्भु सोनार वो लालजी वो रामदेनी, पिता– स्व0 महावीर सोनार, | 405 | 407 | नीज खेसरा | नाला |
| 55 | 5 | 405 | रैयती | धनहर | 0.010 | रामध्यान वो दिनेश, पिता– स्व0 गुप्ता सोनार | 404 | 406 | नीज खेसरा | नाला |
| 56 | 70 | 404 | रैयती | धनहर | 0.080 | रामाषीश सिंह, पिता– स्व0 लक्ष्मी सिंह, | 274 | 405 | नीज खेसरा | नाला |
| 57 | 72 | 275 | रैयती | धनहर | 0.015 | सूचित सिंह, पिता– स्व0 लखन सिंह | 273 | 404 | नीज खेसरा | नाला |
| 58 | 23 | 274 | रैयती | धनहर | 0.010 | श्रीराम पाण्डेय, पिता– स्व0 श्यामाचरण पाण्डेय | 273 | 404 | नीज खेसरा | नाला |
| 59 | 108 | 273 | रैयती | धनहर | 0.005 | विनोद कुमार पाण्डेय, पिता– स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय | 272 | 274 | नीज खेसरा | नाला |
| 60 | 23 | 272 | रैयती | धनहर | 0.005 | रघुवंश कुमार पाण्डेय, पिता– स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय, | 271 | 273 | नीज खेसरा | नाला |
| 61 | 80 | 271 | रैयती | धनहर | 0.015 | मिथलेश सिंह, पिता– स्व0 रामू सिंह, कमलेश वो रमेश रजक, पिता– स्व0 प्रयाग रजक | 268 | 272 | नीज खेसरा | नाला |
| 62 | 69 | 268 | रैयती | धनहर | 0.045 | रामाशिष सिंह, पिता– स्व0 लक्ष्मी सिंह | 263 | 271 | नीज खेसरा | नाला |
| 63 | 83 | 263 | रैयती | धनहर | 0.010 | कृष्णा सिंह वो अमरनाथ सिंह, पिता– स्व0 धुरा सिंह | 255 | 268 | नीज खेसरा | नाला |
| 64 | 64 | 255 | रैयती | धनहर | 0.030 | सत्येन्द्र साव वै0, पिता– स्व0 फौजदारी साव | 254 | 263 | नीज खेसरा | नाला |
| 65 | 123 | 254 | रैयती | धनहर | 0.025 | राकेश मिश्रा, पिता– जयकिशोर पांडे | 234 | 255 | नीज खेसरा | नाला |
| 66 | 136 | 246 | रैयती | धनहर | 0.020 | कृष्ण कु0 पाण्डेय वै0, पिता– स्व0 प्रमेश्वर पाण्डेय, आयोध्या पाण्डेय वै0 | 233 | 234 | नीज खेसरा | नाला |
| 67 | 83 | 234 | रैयती | धनहर | 0.0041 | रणवीर सिंह, पिता– स्व0 भगवान सिंह | 246 | 254 | नीज खेसरा | नाला |
| 68 | 43 | 233 | रैयती | धनहर | 0.0041 | रघुवंश कुमार सिंह वगैरह, पिता– स्व0 केदार सिंह, | 232 | 246 | नीज खेसरा | नाला |
| 69 | 95 | 232 | रैयती | धनहर | 0.010 | विनय प्रसाद वै0, पिता– स्व0 राम चलीतर प्रसाद | 231 | 233 | नीज खेसरा | नाला |
| 70 | 147 | 231 | रैयती | धनहर | 0.010 | गीता देवी, पिता– स्व0 मधेश्वर प्रसाद, | 230 | 232 | नीज खेसरा | नाला |
| 71 | 148 | 230 | रैयती | धनहर | 0.010 | अनिल सिंह, पिता– रघुनन्दन सिंह, | 229 | 231 | नीज खेसरा | नाला |
| 72 | 147 | 229 | रैयती | धनहर | 0.015 | भुनेश्वर दुसाध, पिता– रामपति दुसाध | 223 | 230 | नीज खेसरा | नाला |
| | | | | योगः– | 0.6682 | | | | | |
| | | | | | | मौजा–बनोखर, थाना सं0–903 | | | | |
| 73 | 55 | 277 | रैयती | धनहर | 0.305 | अरविन्द चौरसिया पिता– स्व0 राजेन्द्र चौरसिया, वो राकेश कुमार वगैरह पिता– स्व0 इन्द्रजीत चौरसिया, वो प्रेम प्रकाश वगैरह, पिता– स्व0 शिवनंदन चौरसिया, ग्राम– खेमचन बिगहा। | 276 | 285 | 286 | 277 |
| | | | | योगः– | 0.3050 | | | | | |
| | | | | कुल योगः– | 5.1480 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आपत्तियों के सुनने और भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम सं0 30/2013) की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवतः है :–

–: ''शून्य'' :–

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट, अन्य खनिज है, ऐसे भागों में पड़े हुए खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गयी है। परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाए अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं हैं।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, औरंगाबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिए गए है :–

–: ''शून्य'' :–

PR- 002710 ( Revenue ) 2026-27 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्त्ता, औरंगाबाद।

# मछुआरों के लिए चलाई जा रहीं लोक कल्याणकारी योजनाएं : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अंतर्गत संचालित मछुआ कल्याण योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच मत्स्य परिवहन एवं नाव पैकेज योजनाओं का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य परिवहन वाहन वितरण योजना अंतर्गत कुल सात थ्री-व्हीलर आईस बॉक्स वाहन तथा नाव-जाल पैकेज योजना अंतर्गत दो फिशिंग वुडेन बोट (नाव) का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मछली उत्पादन मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में होने के कारण ताजी मछलियों को बाजार तक पहुंचाने में कठिनाई होती है। इन योजनाओं के माध्यम से मत्स्य




उत्पादकों एवं व्यवसायियों को सुविधा मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को ताजी मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मत्स्य पालकों एवं मछुआरों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मगध परिक्षेत्र के उप मत्स्य निदेशक विपिन ने बताया कि औरंगाबाद जिले में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न लोक कल्याणकारी एवं मछुआ कल्याण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आज वितरित किए गए थ्री-व्हीलर आईस बॉक्स वाहन की प्रति इकाई लागत तीन लाख रुपये है, जिसमें 50 प्रतिशत अर्थात 1.50 लाख रूपये अनुदान देय है। वहीं नाव पैकेज योजना अंतर्गत फिशिंग वुडेन बोट की प्रति इकाई लागत 1.244 लाख रुपये है, जिसमें 90 प्रतिशत अर्थात 1.11960 लाख रुपये अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में से नियमानुसार लाभुकों का चयन किया गया है तथा सभी चयनित लाभुक मत्स्य विपणन एवं मत्स्य शिकारमाही कार्य से जुड़े हुए हैं। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मत्स्य परिवहन वाहन योजना एवं नाव पैकेज योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों द्वारा स्वयं एजेंसी का चयन किया गया है तथा अनुदान राशि का भुगतान संबंधित एजेंसी को किए जाने का प्रावधान है। दोनों योजनाओं में अनुदान की कुल राशि 12.74 लाख रुपये है। कार्यक्रम में उप मत्स्य निदेशक, मगध परिक्षेत्र, गया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी ऋचा कुमारी, अखिलेश कुमार आलोक, रजनीश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, मत्स्य कृषक एवं व्यवसायी ओमप्रकाश चौधरी, रमेश चौधरी, रंजीत कुमार, बसंत चौधरी, पंकज चौधरी, रविरंजन कुमार, योगेन्द्र प्रसाद, गनोज कुमार एवं गणेश चौधरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित रहे।

# बैंक के रिकवरी एजेंट की गोली लगने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना स्थित ऊंचौली गांव के इंडियन बैंक शाखा में शुक्रवार को गोली लगने से बैंक में ड्यूटी के दौरान सिक्योरिटी गार्ड की दोनाली बंदूक से अचानक गोली चल जाने से बैंक में कार्यरत रिकवरी एजेंट की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बैंक परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जहां घटना से कर्मचारियों सहित ग्राहकों में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के माधोखाप गांव निवासी राजेंद्र पासवान के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह बैंक में रिकवरी एजेंट के रूप में कार्यरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह बैंक खुलने के बाद सिक्योरिटी गार्ड अभय कुमार सिंह अपनी दोनाली बंदूक की सफाई कर रहा था। इसी दौरान



अचानक बंदूक से मिसफायर हो गया और गोली पास में मौजूद राजेंद्र पासवान के पेट में जा लगी। गोली लगते ही बैंक परिसर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में बैंक के असिस्टेंट मैनेजर श्याम बिहारी प्रसाद समेत अन्य कर्मियों ने राजेंद्र पासवान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि हमलोग पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे हैं। मैनेजर संजीत कुमार निराला तथा सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली है। वहीं बैंक मैनेजर संजीत कुमार निराला ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड पानी पीने के बाद जैसे ही बंदूक उठाया, उसी दौरान अचानक गोली चल गई और पास में खड़े रिकवरी एजेंट को जा लगी। प्रारंभिक तौर पर घटना को मिसफायर माना जा रहा है। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बैंक में सुरक्षा मानकों की जांच तथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय जिला परिषद सदस्य शंकर यादव ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजे और रोजगार देने की मांग की है।

# बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर-पटना मुख्य पथ पर सिपहां के पास गुरुवार की रात दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान दाउदनगर के सोनी निवासी मालिकचंद सिंह के 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। दूसरे बाइक पर सवार घायल होने वालों में खुदवां निवासी अनिल चौधरी के पुत्र नीरज कुमार और कृष्णा चौधरी के पुत्र नीरज कुमार शामिल हैं। दोनों घायल का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जाता है कि सोनू अपने घर से बाइक से एक तिलक समारोह में शामिल होने हिच्छन बिगहा जा रहा था। सिपहां के पास एक पेट्रोल पंप में बाइक तेल लेने के लिए वह जैसे ही मोड़ा, वैसे ही पटना रोड की ओर से तेज गति से आ रहे एक बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहन पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों को उठाकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# लोगों को मिल रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ट्राई साईकिल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ ससमय पहुंचाया जा सके। इसी क्रम में 08 मई 2026 को हसपुरा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसपुरा में विशेष कैंप का आयोजन किया गया।




आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं ट्राई साईकिल जैसी योजनाओं हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लाभुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान 02 मई 2026 से जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार आयोजित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुटुम्बा में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर में 09 मई 2026, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवीनगर में 11 मई 2026, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओबरा में 12 मई 2026 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रफीगंज में 14 मई 2026 को शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निदेशनुसार सभी शिविर स्थलों पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि शिविरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके एवं अधिकाधिक दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ट्राई साईकिल सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी निर्धारित शिविर में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# पुलिस की कार्रवाई में 20 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त, अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चला रही है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 8, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 315 लीटर देसी शराब, 36.75 लीटर विदेशी शराब, एक बाइक एवं एक कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1257 वाहनों की जांच की गई जिसमें 53200 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 40 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# समस्याओं के समाधान में न हो विलंब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय



भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# 14 बेंचों के माध्यम से वादों का होगा निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद और दाउदनगर व्यवहार न्यायालय में 14 बेचों के माध्यम से सुलहनीय वादों का निपटारा आज किया जाएगा। इस संबंधित में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय न्यायालय, दाउदनगर को मिलाकर कुल 14 बेंचों का गठन किया गया है जिसके माध्यम से वादों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। सचिव द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दाउदनगर अनुमण्डल स्थित ऋण वाद से संबधित मामलों को अनुमण्डलीय न्यायालय, दाउदनगर में ही किया जायेगा जिसके लिए अलग से बेंच का गठन किया गया है। इस प्रकार अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर के लिए इस बार तीन बेंच का गठन किया गया है जिसके अन्तर्गत बेंच संख्या 12 पर अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय वाद एवं धारा 107 एवं 144 से सम्बन्धित मामलें। बेंच संख्या 13 के माध्यम से अनुराग गौरव, करिश्मा कुमारी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम के न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय आपराधिक मामलें तथा बेंच संख्या 14 के माध्यम से दाउदनगर अनुमण्डल स्थित सभी बैंक से सम्बन्धित मामलें का निस्तारण किया जायेगा।

# जेवर व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत, भांजा गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के धरनीधर रोड स्थित पुरानी मुंशी मोहल्ला निवासी जेवर व्यवसायी जितेन्द्र सोनी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनके भांजे देव सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटा गांव के समीप एनएच-19 पर गुरुवार को हुआ। मृतक जितेन्द्र सोनी, विश्वनाथ प्रसाद के पुत्र बताए जाते हैं। वहीं घायल देव सोनी झारखंड के गढ़वा निवासी लवकुश सोनी के पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार मामा-भांजा वाराणसी से सोने-चांदी के आभूषण लेकर बाइक से औरंगाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेन्द्र सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल देव सोनी को स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MIN STRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
सत्यमेव जयते
ब्रेडा BREDA
ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT




Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

# समय सीमा के भीतर परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण करने पर डीएम ने दिया ज़ोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर कोयल परियोजना के पैकेज-09 अंतर्गत चैनल संख्या-86 का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य परियोजना अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा कार्य की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्थलों पर चल रहे खुदाई कार्य, सबग्रेड सामग्री बिछाव, सीएनएस कार्य, नहर लाइनिंग एवं पीसीसी कार्य का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई। पैकेज-09 अंतर्गत 82.32 किमी से 90.02 किमी तक कुल 7.70 किमी क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अब तक 3.20 किमी कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 12 में से 03 संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा परियोजना के तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मानऽजीवन आसान के तहत आयोजित जनता दरबार में कुलऽ29 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने जमीन विवाद, आपसी मारपीट, साइबर ठगी, पुलिस कार्रवाई में विलंब समेत कई प्रकार की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को



अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और हर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त शिकायतों की जांच कर जल्द निबटारा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि सबका सम्मानऽजीवन आसान पहल का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक सुलभ मंच प्रदान करना है ताकि उन्हें थाने या अन्य कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी समस्या के लिए सीधे जनता दरबार में आकर अपनी बात रखें।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# रक्तदान जीवनदान के समान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विश्व रेड क्रॉस दिवस सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन औरंगाबाद रेड क्रॉस सोसाइटी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सह रेड क्रॉस प्रेसिडेंट अभिलाषा शर्मा, रेड क्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन, उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डीपीएम अनवर आलम, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. शोभा रानी, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अभिषेक तथा एनटीपीसी के सीएमओ किरण शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि रेड




क्रॉस संस्था मानवता की मिसाल है और आपदा-विपदा के समय हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि जब भी संस्था को उनकी आवश्यकता होगी, वह हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगी। रेड क्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान के माध्यम से किसी व्यक्ति और उसके परिवार की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने रेड क्रॉस द्वारा संचालित विभिन्न जनसेवा कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल से लेकर अग्निपीड़ितों की सहायता तक, हर परिस्थिति में रेड क्रॉस जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहा है। रेड क्रॉस सचिव दीपक कुमार ने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर वैसे लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष में तीन से चार बार रक्तदान किया है। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति सदस्य मुकेश कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर पंकज वर्मा, मनोज कुमार सिंह, पिंटू कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, सिकंदर हयात, डॉ. राजीव कुमार, चंदन कुमार सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंह और अजीत चंद्र उपस्थित रहे। वहीं रक्तदान करने वालों में सुनील कुमार, सोनू कुमार योगी, चंदन कुमार, प्रशांत कुमार तिवारी, अमित गुप्ता, विवेक सिंह चौहान, रोशन पाठक और उत्कर्ष कुमार सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269